यद्यपि ट्रस्ट को रामलला की मूर्ति के लिए यह शिला गुरुवार को सुबह 10:30 बजे नेपाल से आए प्रतिनिधि मंडल की ओर से विधि-विधान पूर्वक अर्पित की जाएगी, किंतु ट्रस्ट के महासचिव सहयोगियों के साथ बुधवार की शाम ही नगरी की परिधि पर इस शिला की अगवानी करने से स्वयं को रोक नहीं सके। आस्था की सरयू में डुबकी लगाने वालों में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिमलेंद्र निधि, उनकी पत्नी अनामिका निधि, नेपाली कांग्रेस के ही शीर्ष नेता धीरेंद्रकुमार निधि, जनकपुर के मेयर मनोज शाह, जानकी मंदिर के महंत रामतपेश्वरदास एवं उनके उत्तराधिकारी रामरोशनदास जैसी विभूतियों सहित वह सैकड़ों श्रद्धालु थे, जो मकर संक्रांति से शुरू इस शिला की यात्रा के साक्षी-सहचर हैं।

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नेपाल के म्याग्दी जिला से होकर गुजरने वाली काली गंडकी से 26 टन एवं 14 टन वजन के दो विशाल शिला खंड निकाले जाने के साथ शुरू यात्रा प्रारंभिक चरण में पर्वतीय मार्गों के चलते धीमी थी, किंतु 30 जनवरी को मां जानकी एवं राजा जनक की नगरी जनकपुर से आगे बढ़ने के साथ यात्रा आस्था का शिखर छूती चली गई। यात्रा में शामिल रहीं आयुषी रायनिधि एवं उनके पति डा. अविरल निधि बताते हैं कि काली गंडकी से प्राप्त शिलाओं को शालिग्राम के तौर पर स्वयं नारायण का ही रूप माना जाता है, किंतु रामलला की मूर्ति में ढलने की संभावनाओं के बीच तो यह दो शिलाएं नेपाल के म्यागडी से लेकर अयोध्या तक ऐसे गुजरीं जैसे श्रीराम मां सीता को जनकपुर से लेकर अयोध्या आ रहे हों।

नम आंखों के साथ शिलाओं को स्पर्श करते हुए निवर्तमान पार्षद एवं बजरंगबली की प्रधानतम पीठ हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेशदास कहते हैं कि यह शिलाएं ही नहीं, वह भावनाएं हैं, जो युगों से श्रीराम और सीता के रूप में हमसे जुड़ी हैं और निकट भविष्य में भव्य स्वप्न के रूप में सज्जित होने वाली हैं।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले- संत और सनातनी एक हो गए तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता

**प्रयागराज (एजेंसी)**



बागेश्वर धाम के अनन्य भक्त आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री गुरुवार की सुबह प्रयागराज पहुंच गए हैं। सुबह उन्होंने संगम स्नान किया। इसके बाद खाकचौक व्यवस्था समिति के महामंत्री महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा के शिविर में संतों से मुलाकात कर रहे हैं। शिविर में चुनिंदा संत मौजूद हैं। इसके बाद मेजा के कुंवर पट्टी में आयोजित मां शीलता कृपा महोत्सव में शामिल होंगे।

वहां दोपहर 12 से तीन बजे तक उनका दरबार लगेगा। श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने संगम तीरे से हिंदू राष्ट्र की आवाज को मुखर किया। संगम स्नान के बाद महामंडलेश्वर संतोषदास सतुआ बाबा के शिविर में संतों से मुलाकात की। महंत दामोदर दास, महंत जयराम दास, महामंडलेश्वर हिटलर बाबा, महंत शशिकांत दास आदि महात्माओं से चर्चा करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र के लिए हर पंथ व परंपरा के संतों का एकजुट होना जरूरी है। संत व सनातनी एक हो गए तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता। कहा कि हिंदू राष्ट्र बनने से सनातन धर्म का वैभव बढ़ेगा। साथ ही अन्याय खत्म होगा। इस पर संतोषदास ने उन्हें पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। कहा कि आचार्य धीरेंद्र का काम धर्म व राष्ट्र के हित में है। खाकचौक से जुड़े महात्मा उन्हें पूरा समर्थन देंगे। इसके बाद हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हर सनातनी एकजुट होकर राष्ट्रहित में काम करे। बागेश्वर बालाजी के अनन्य भक्त आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का दरबार मेजा के कुंवरपट्टी गांव में लगेगा। मां शीतला कृपा महोत्सव में आचार्य धीरेंद्र दोपहर 12 से तीन बजे तक दरबार लगाकर श्रद्धालुओं की समस्या का निदान बताएंगे। इसके साथ आचार्य धीरेंद्र माघ मेला क्षेत्र स्थित महामंडलेश्वर संतोषदास सतुआ बाबा के शिविर भी आ सकते हैं। शिविर में संतों से सनातन धर्म के समक्ष व्याप्त चुनौतियों पर मंत्रणा करेंगे। आचार्य धीरेंद्र पर एक वर्ग ने पाखंड फैलाने का आरोप लगाया है। इसके बाद उनके पक्ष व विपक्ष में आवाज उठ रही है।

इससे लगातार सुर्खियों में बने हैं। इसके बाद उनका मेजा में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसको लेकर प्रशासन सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसीपी यमुनानगर दीपक भूपर, डीसीपी क्राइम, एसडीएम विनोद कुमार पांडेय, एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा, कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र सहित तमाम अधिकारी दिनभर व्यवस्था में जुटे रहे। आयोजक भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल ने बताया कि आचार्य धीरेंद्र कृष्ण ने बताया कि सारी तैयारियां पूरी हो गई है। वहीं, उनके दरबार में शामिल होने के लिए काफी लोग बुधवार को ही आयोजन स्थल पर पहुंच गए।

## इरफान सोलंकी के साथी मुरसलीन के खिलाफ एक और मुकदमा, रंगदारी मांगने का आरोप

**कानपुर (एजेंसी)**

सपा विधायक इरफान सोलंकी के साथी पूर्व पार्षद मुरसलीन खान उर्फ भोलू की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक महिला ने मुरसलीन के खिलाफ रंगदारी की धाराओं में कर्नलगंज थाने में एक और मुकदमा दर्ज कराया गया है। पूर्व पार्षद के साथ ही उसके छह साथियों को भी आरोपित बनाया गया है। हालांकि पूर्व पार्षद को पिछले महीने ही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही हैं। मुकदमा कर्नलगंज निवासी रुखसार फातिमा की ओर से दर्ज कराया गया है, जोकि किराए के एक मकान में रहती हैं। फातिमा ने बताया कि वह अपने पति मो. अहमद और दो बेटियों रामिश और रुदा के साथ करीब पांच दशक से उक्त इमारत में रहती चली आ रही हैं। 24 दिसंबर 2022 को वह परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थीं। चार दिन बाद जब वह लौटीं तो उनके कमरे में दूसरे ताले पड़े थे उन्होंने उसे खोलने का प्रयास किया तो तीन नकाबपोश आए और ताला खोलने के बदले वहां रहने के नाम पर पांच लाख की रंगदारी मांगी। उन्होंने धमकी दी कि पैसा न देने पर बेटियों को गायब कर उनकी हत्या कर दी जाएगी। धमकी से डरकर वह परिवार के साथ वहां से चली गयीं। आरोप है कि 16 जनवरी को जब वह अपने मकान में दोबारा पहुंची तो पूर्व पार्षद मुरसलीन खान उर्फ भोलू, उनके साथी चांद अली व असलहा तस्कर मो. फहीम खां समेत छह लोग आ धमके। आरोपितों ने धमकाते हुए कहा कि या तो वह यहां रहने के बदले पांच लाख रुपये दें या फिर मकान खाली कर दें। इस पर पीड़िता ने कर्नलगंज पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस आयुक्त बीपी जोगदण्ड से गुहार लगाई।

## चालक को गोली मार कर कार लूटने का प्रयास, दिल्ली से हरिद्वार के लिए करवाई थी बुकिंग

**सहारनपुर (एजेंसी)**

दिल्ली से हरिद्वार के लिए गाड़ी बुक करके लाए बदमाशों ने कार चालक के गोली मार गाड़ी छीन कर ले जाने




लगे मगर गाड़ी अडर पास में भरे पानी में फस जाने से गाडी व चालक को छोडकर फरार हो गए खबर मिलने पर पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले चालक का मेडिकल करा बदमाशों के ढूंढा लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल पाया। कार्यवाहक थाना निरीक्षक प्रभारी इंस्पेक्टर राम सजीवन यादव ने बताया कि दिल्ली से चार बदमाश हरिद्वार के लिए किराए पर गाड़ी लेकर हरिद्वार की ओर जा रहे थे। रूड़की के समीप रास्ते में चालक लघुशंका के लिए रुका तो बदमाशों ने उसको गोली मारकर गाड़ी में डाल दिया। सरसावा की तरफ ले चले टोल प्लाजा से बचने के लिए बदमाश सुआ खेड़ी के अंडर पास से होकर जा रहे थे।

उन्होंने चालक को अंडरपास के समीप फेंक जैसे गाड़ी आगे ले जाने लगे उनकी गाड़ी आगे जाकर अंडर पास में जमा हुए पानी में धंस गई। पानी में धंसी गाड़ी को छोड़कर चारों बदमाश भाग गए। खबर मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक जो अपना नाम पता राजू गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी जिला प्रतापगढ बता रहा जो दिल्ली में किराए पर गाड़ी चलाता है को मेडिकल के लिए सीएचसी लाए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा।

## कानपुर में ई-बस की मोबाइल एप 14 फरवरी को होगी लांच, घर छोड़ने से पहले चेक कर सकेंगे बस की लोकेशन

**कानपुर (एजेंसी)**



**कानपुर में ई-बस मोबाइल एप 14 फरवरी को लांच होने जा रहा है। इसके जरिए आप घर से निकलने से पहले बसों की लोकेशन चेक कर सकेंगे। इसी के साथ शहर में 270 नई ई बस भी चलेंगी। जिससे यात्रियों को आवागमन में कोई परेशान न हो।**

ई-बसों को मिल रहे सफलता के बाद 270 नई ई-बसों का जल्द संचालन शुरू किया जाएगा। वर्तमान समय में 100 ई-बसें चल रही है। ई-बसों के स्मार्ट मैनेजमेंट तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा के लिए ई-बस कानपुर के नाम से मोबाइल ऐप भी तैयार किया जा रहा है।

मंडलायुक्त ने बुधवार को ऐप का परीक्षण किया। उन्होंने ऐप के माध्यम से लाइव ट्रैकिंग की, ई-बसों की लाइव लोकेशन की भी जांच की। यह ऐप 14 फरवरी को लांच किया जाएगा। प्रदूषण कम करने तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए दिसंबर 2021 में ई-बसों का संचालन शुरु किया गया था। यात्रियों का संख्या बढने के साथ ई-बसों को भी बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान समय में ई-बसों के रुकने के लिए 247 चौराहे चिह्नित हैं। यहां बसें नियमित रूप से रुक रही हैं। बस स्टाप के रूप में लगभग 80 स्थान तैयार हैं। बाकी को तैयार किया जा रहा है। अब ई-बसों के लिए मोबाइल ऐप लाने की तैयारी पूरी की जा चुकी है।

मंडलायुक्त डा. राजशेखर ने आयुक्त कार्यालय से ई-बस पर यात्रा शुरु कर ऐप का परीक्षण किया। वे हैलट तिराहा, मोतीझील, बेनाझाबर, गोल चौराहा, रावतपुर, कंपनीबाग चौराहा होते हुए शिविर कार्यालय पहुंचे। उनके साथ अपर नगर आयुक्त सूर्यकांत त्रिपाठी, मुख्य आपरेटिंग अधिकारी केसीटीएसएल डीवी सिंह, कानपुर स्मार्ट सिटी की तकनीकी टीम उपस्थित रही। ऐप को डाउनलोड कर बस की लोकेशन, उसके स्टाप पर आने का समय जीपीएम मैप के माध्यम से देख सकता है। -बस की गति, बस का स्टाप पर रुकने का शेड्यूल भी देखा जा सकता है। - ऐप के माध्यम से सुझाव व समस्याएं भी प्रबंध तक पहुंचाई जा सकती हैं। मंडलायुक्त डा.राजशेखर ने अधिकारियों को अगले छह माह में सभी बस स्टाप बनाने, अगले 15 दिनों में उचित जगह पर साइनेजेस लगाने, यात्रियों के लिए बैठने की व्यवस्था करने, शेल्टर बनाने, सूचना पट्ट लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सिटी बसों के चालकों, परिचालकों व निजी संचालकों को भुगतान बसों की मासिक जीपीएस रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद किया जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रबंध निदेशक केसीटीएसएल सिस्टम बनाने, मानिटरिंग कमेटी का गठन करने के निर्देश दिए।

## अमृत भारत योजना से एयरपोर्ट जैसे दिखेगा कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन

**कानपुर (एजेंसी)**




**कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर अब एयरपोर्ट जैसी मिलेंगी। इसके लिए अमृत भारत योजना के तहत करीब 750 करोड़ रुपये खर्च होंगे। गोविंदपुरी अनवरगंज और पनकी में भी विकास कार्य किए जाएंगे। वहीं कानपुर से लखनऊ का सफर भी आसान होगा।**

### यह होंगी सुविधाएं

10 की जगह 14 प्लेटफार्म होंगे
कैंट व सिटी साइड में बिल्डिंग का दृश्य प्राचीन धरोहरों की थीम पर होगा
बाहर से किसी बड़े एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग की तरह दिखाई पड़ेगा
घंटाघर चौराहे से सीधे पोर्टिको तक पहुंचने को रिजर्व कारिडोर बनेगा
स्टेशन पर वीवीआइपी के लिए 250 वाहनों की रिजर्व पार्किंग
थ्री और फाइव स्टार होटल, आधुनिक माल की सुविधा
यात्रियों के प्रतीक्षालय से लेकर प्रत्येक प्लेटफार्म पर बेहतर सुविधाएं रहेंगी
हर प्लेटफार्म पर लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियों के अलावा खानपान की सुविधाएं होंगी।
वंदे मेट्रो आसान करेगी लखनऊ की यात्रा

वह दिन दूर नहीं जब सेंट्रल रेलवे स्टेशन में भी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं देखने को मिलेंगी। सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को अब पंख लगेंगे, क्योंकि रेल मंत्रालय ने इसे अमृत भारत योजना से जोड़ने का फैसला किया है। हालांकि पूर्व में इसके लिए टेंडर हो चुका है, लेकिन नई योजना से जुड़ने के बाद बजट और ज्यादा मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

केवल सेंट्रल रेलवे स्टेशन ही नहीं बल्कि गोविंदपुरी, अनवरगंज और पनकी रेलवे स्टेशन पर भी अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य होंगे। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आम बजट के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि रेल मंत्रालय स्टेशनों के विकास को अमृत भारत योजना का खाका खींचा है, जिसमें अभी 1275 स्टेशनों को शामिल किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में सेंट्रल रेलवे स्टेशन का नाम भी लिया। रेल अधिकारियों ने बताया कि सेंट्रल रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए पिछले दिनों 667 करोड़ रुपये का टेंडर किया गया था। अब स्टेशन को अमृत भारत योजना से जोड़े जाने के बाद और ज्यादा बजट मिलने की उम्मीद है। अनुमान है कि अब स्टेशन के विकास में करीब 750 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हालांकि इसके साथ ही गोविंपुरी, पनकी और अनवरगंज के भी दिन सुधरेंगे, क्योंकि इस योजना में कानपुर के इन तीनों पुराने उपनगरीय स्टेशनों को भी स्थान दिए जाने की सूचना है।

यह कार्य वर्ष 2025 तक पूरा होगा। कानपुर से लखनऊ तक यात्रा करने वालों की बड़ी संख्या है। अधिक ट्रेनों का भार बढ़ने के बाद मेट्रो सेवा काफी समय से बंद पड़ी है। मेट्रो बंद होने के बाद दैनिक यात्रियों के लिए लखनऊ तक की यात्रा दिन पर दिन मुश्किल होती गई।

ऐसे में रेल बजट में प्रस्तावित वंदे मेट्रो से उम्मीद जागी है कि आने वाले समय में एक घंटे से भी कम समय में लखनऊ पहुंचा जा सकेगा। खाली पड़ी जमीनें पैदा करेंगी सौर ऊर्जा रेल बजट में अल्ट्रा मेगा पावर प्लांट की भी घोषणा की गई है। अधिकारियों के मुताबिक रेलवे के पास बड़े क्षेत्रफल में जमीनें खाली पड़ी हैं। यहां पर बड़े-बड़े सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर बिजली पैदा करने की योजना है। इस लिहाज से कानपुर भी बड़ा केंद्र बन सकता है, क्योंकि कानपुर रेलवे के पास सैंकड़ों एकड़ भूमि खाली पड़ी है।

# एक नज़र

## PFI चीफ अबूबकर को उपलब्ध कराया जाए प्रभावी इलाज, HC का तिहाड़ जेल के चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष ई अबूबकर को नियमित रूप से प्रभावी इलाज उपलब्ध कराने के लिए तिहाड़ जेल के चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल व न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने अबुबकर की अपील पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया।

अबूबकर ने चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार करने के विशेष न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी है।कैंसर से पीड़ित होने समेत अन्य समस्याओं के आधार परअबूबकर ने जमानत की मांग की है। अदालत ने मामले पर एनआइई को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। बता दें कि इससे पहले पिछले साल दिसंबर महीने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि वह बिल्कुल ठीक है और इलाज करा रहा है। अदालत के निर्देश पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की तरफ से पेश हुए विशेष लोक अभियोजक अक्षय मलिक ने कहा कि हमने एम्स की रिपोर्ट के साथ एक स्थिति रिपोर्ट दायर की है।

## दिल्ली के उत्तम नगर में पार्टी से लापता हुईं दो बच्चियां, शख्स ने झुग्गी में ले जाकर किया गलत काम

**नई दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली के उत्तम नगर थाना इलाके से शर्मनाक मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने अनुसार, वह अपनी बहनों और परिवार के साथ उत्तम नगर स्थित अपनी आंटी के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने आई थी। पार्टी के बाद उसकी बहन की बेटियां मौके से लापता हो गईं, इसके बाद काफी तलाशी के बाद दोनों बच्चियां आरोपित की झुग्गी के अंदर मिलीं। उनका आरोप है कि 25 वर्षीय आरोपित दीपक ने बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की। बता दें कि घटना 2 फरवरी की रात की है।

बच्चियों में एक की उम्र 6 साल और दूसरी की 5 साल बताई जा रही है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, उत्तम नगर इलाके में 6 साल और 5 साल की दो नाबालिग लड़कियों का 25 साल के दीपक नामक युवक द्वारा उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इस संबंध में उत्तम नगर थाने में आईपीसी की धारा 342, 354 और 10/12 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। नोट- ये स्टोरी अभी-अभी ब्रेक हुई है।

## दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन इलाके में बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक पर चलाई गोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)** हजरत निजामुद्दीन थाना इलाके में भोगल के पास दो राहगीरों को गोली लगने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर फायरिंग की थी लेकिन उनका निशाना चूकने के चलते वहां खड़े दो अन्य लोगों को गोली लग गई। घायलों की पहचान भोगल के नीरज (24) और मो. गुलजार (18) के रूप में हुई है। दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे हजरत निजामुद्दीन इलाके में गोली लगने से दो लोगों के घायल होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस शिकायतकर्ता पंत नगर के निखिल से मिली। निखिल ने पुलिस को बताया कि दो लड़कों ने उन पर फायरिंग की है।

## पंजाब के बंबीहा गैंग के 2 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, 4 जिंदा कारतूस के साथ .32 कैलिबर की 5 पिस्टल बरामद

**नई दिल्ली (एजेंसी)** पंजाब के बंबीहा गिरोह के सक्रिय सदस्य गगनदीप सिंह व बलजीत सिंह को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से 4 जिंदा कारतूस के साथ .32 कैलिबर की 5 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की गई। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बरामद पिस्टल पंजाब में देवेंद्र बंबीहा गिरोह के सदस्यों को सप्लाई करने के लिए थी।

बता दें कि गगनदीप सिंह ने मध्य प्रदेश में खरगोन के एक बन्दूक निर्माता-सह-आपूर्तिकर्ता से कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात के बंबीहा गिरोह के संचालकों के निर्देश पर पिस्तौलें खरीदीं।

देवेंद्र बंबीहा गिरोह की लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ के गिरोह के साथ भयंकर प्रतिद्वंद्विता है, जिसके परिणामस्वरूप पंजाब और अन्य राज्यों में गैंगवार में उनके कई सहयोगी मारे गए। इंस्पेक्टर के नेतृत्व में स्पेशल सेल की टीम शिव कुमार व इंस्प्र. एसीपी अत्तर सिंह की देखरेख में पवन कुमार ने सिंडिकेट के दो प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर एक अंतरराज्यीय अवैध आग्नेयास्त्र सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है।

## केंद्र के चार अस्पतालों से ज्यादा दिल्ली एम्स का बजट, सफदरजंग और आरएमएल को भी मिली बड़ी रकम

**नई दिल्ली (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं में सुधार और विस्तार के लिए पिछले वर्ष के मुकाबले बजट में 336.63 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है। एम्स, सफदरजंग, आरएमएल अस्पताल व लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज के दो अस्पतालों को केंद्रीय बजट में 8196.87 करोड़ का भारी भरकम बजट मिला है।

खास यह है कि सफदरजंग, आरएमएल व लेडी हार्डिंग के दो अस्पतालों के कुल बजट से ज्यादा अकेले एम्स का बजट है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि एम्स व अन्य अस्पतालों की चिकित्सा गुणवत्ता व सुविधाओं में भारी अंतर क्यों है? बजट के मामले में दूसरे अस्पताल एम्स के आसपास भी नहीं ठहरते। सफदरजंग, आरएमएल व लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज के दो अस्पतालों (सुचेता कृपलानी व कलावती सरन अस्पताल) को कुल 4062.2 करोड़ का बजट मिला है।

एम्स के लिए 4134 करोड़ का प्रविधान किया गया है। ऐसे में इनमें सुविधाएं कैसे बढ़ेंगी? इन अस्पतालों के विस्तार की रफ्तार भी धीमी रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में बन सकते हैं 4 नए नर्सिंग कॉलेज, छात्रों को मिलेगा भविष्य संवारने का मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)** केंद्रीय बजट में नए नर्सिंग कॉलेज खोलने की घोषणा के तहत दिल्ली-एनसीआर में भी चार नए नर्सिंग कॉलेज बनाए जा सकते हैं। इससे छात्रों को नर्सिंग की पढ़ाई कर भविष्य संवारने का मौका मिलेगा। साथ ही इससे अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं में सुधार होगी।

मरीजों के इलाज में नर्सिंग कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। वार्ड में भर्ती मरीजों की देखरेख और डाक्टर के निर्देश के अनुसार समय पर दवा देने की जिम्मेदारी नर्सिंग कर्मचारी ही संभालते हैं। लेकिन अस्पतालों में नर्सिंग कर्मचारियों की कमी एक बड़ी समस्या है। कोरोना के दौर में भी यह कमी महसूस की गई। केंद्रीय बजट में वर्ष 2014 के बाद दिल्ली के रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल में मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान और फरीदाबाद के अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय मेडिकल कॉलेज शुरू हुआ। इन मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग कॉलेज भी शुरू किए जा सकते हैं। हालांकि, यह राज्य सरकारों की आगे की योजना पर भी निर्भर करेगा। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआइआइए) में आयुष का नर्सिंग कॉलेज शुरू होगा।

# दिल्ली सरकार अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजना चाहती है लेकिन एलजी उसमें टांग अड़ा रहे हैं : सिसोदिया

विकास सैनी.ओपन सर्च

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जीएनसीटीडी एक्ट में असंवैधानिक संशोधन कर उपराज्यपाल को शक्तियां दी हैं। इनका गलत इस्तेमाल कर एलजी शिक्षकों को फिनलैंड में ट्रेनिंग पर जाने से रोक रहे हैं। दिल्ली सरकार अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजना चाहती है लेकिन एलजी उसमें टांग अड़ा रहे हैं। केजरीवाल सरकार के काम रोकने के लिए भाजपा की केंद्र सरकार ने असंवैधानिक रूप से जीएनसीटीडी एक्ट में संशोधन कर एलजी को शक्तियां दी हैं।





उपराज्यपाल वीके सक्सेना असंवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए शिक्षकों को फिनलैंड में ट्रेनिंग पर जाने से न रोकें। उन्होंने कहा कि पंजाब की सरकार अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेज सकती है तो दूसरे राज्य की सरकार भी भेज सकती है। हमारे लिए बेहद गर्व की बात कि दिल्ली के अनुभव से सीखते हुए पंजाब सरकार ने अपने पहले ही साल में शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग पर भेजना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना, असंवैधानिक रूप से कानून का दुरुपयोग करते हुए दिल्ली सरकार के स्कूल के शिक्षकों को फिनलैंड में ट्रेनिंग पर जाने से न रोकें। एक तरफ पंजाब की सरकार है जो अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेज सकती है। उसी संविधान के तहत दिल्ली की सरकार है अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजना चाहती है लेकिन नहीं भेज पा रही है, क्योंकि एलजी साहब उसमें टांग अड़ा रहे है। जब देश में एक राज्य की सरकार अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेज सकती है तो दूसरे राज्य की सरकार भी भेज सकती है। भाजपा की केंद्र सरकार ने असंवैधानिक रूप से जीएनसीटीडी एक्ट में संशोधन कर एलजी अवैध शक्तियां दी हैं। उन असंवैधानिक शक्तियों के कारण दिल्ली सरकार अपने शिक्षकों को विदेशों में ट्रेनिंग के लिए नहीं भेज पा रही है। शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेश भेजना है तो उपराज्यपाल की सहमति की जरुरत नहीं होती है।

लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जीएनसीटीडी एक्ट में असंवैधानिक बदलाव के कारण एलजी हर चीज में टांग अड़ा रहे है। संविधान में जितनी स्वतंत्रता पंजाब या किसी और राज्य के सरकार को अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए विदेशों में भेजने की है उतनी ही स्वतंत्रता दिल्ली सरकार को भी है। एलजी द्वारा इसे रोकना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**केंद्र की भाजपा सरकार ने जीएनसीटीडी एक्ट में असंवैधानिक संशोधन कर उपराज्यपाल को शक्तियां दी हैं, जिनका गलत इस्तेमाल कर एलजी शिक्षकों को फिनलैंड में ट्रेनिंग पर जाने से रोक रहे हैं : मनीष सिसोदिया**

उपराज्यपाल ऐसा न करें और दिल्ली के शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड जाने दें। उप मुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि यह बहुत गर्व कि बात है कि हमारी जहां भी सरकार बनती है, वहां आम आदमी पार्टी पूरी शिद्दत के साथ शिक्षा पर काम करना शुरू कर देती है। इसी दिशा में पंजाब के बच्चों को शानदार शिक्षा देने के लिए पंजाब चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने पंजाब के लोगों से जो वादा किया था, उसपर खरा उतरते हुए पंजाब में मान साहब की सरकार ने अच्छे स्कूल बनाने पर काम करना शुरू कर दिया। बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना शुरू कर दिया।

साथ-साथ दिल्ली के अनुभव से सीखते हुए पंजाब सरकार ने अपने पहले ही साल में शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग पर भेजना शुरू कर दिया है। हमने सरकार में आने के बाद दूसरे-तीसरे साल में अपने शिक्षकों को ट्रेनिंग पर भेजना शुरू किया था। लेकिन पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के अनुभवों से सीखकर सरकार बनने के पहले ही साल में अपने शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग पर भेजना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब जैस से बड़ी संख्या में बच्चे देश-विदेश में शिक्षा लेने जाते हैं। ऐसे में अगर हम वहां से अपने शिक्षकों को ही विदेशों में ट्रेनिंग दिला दें तो हमारे बच्चों को विदेशों में पढने जाने की जरुरत नहीं होगी।

## प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव के खूबसूरत प्लेटिनम लव बैंड्स के साथ वैलेंटाईन डे मनाईये

ओपन सर्च. संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिलों में वैलेंटाईन डे की खुशी के साथ प्यार के मौसम में प्रवेश करते हुए यह प्रेम की अभिव्यक्ति



करने, प्यार बढ़ाने और प्यार के बेहतरीन लम्हों को याद करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त समय है। यह वो प्यार है, जो एक दूसरे में पूर्णता की खोज करने हुए अपने सर्वश्रेष्ठ साथी को तलाशने का सफर पूरा कर चुका है। इस प्यार की खुशी को अभिव्यक्त करने के लिए प्लेटिनम जैसा मजबूत मैटल बिल्कुल उपयुक्त है, जिसकी बेहतरीन चमक और सालों तक अपनी मजबूती बनाए रखने की अद्वितीय क्षमता के कारण यह एक दूसरे के प्रति सम्मान और प्रगतिशील मूल्यों का प्रदर्शन करने वाले प्रेम का प्रतीक है। इस वैलेंटाईन डे के अवसर पर इस दुर्लभ प्रेम के प्रतीक अपने साथी को पीजीआई के प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव द्वारा नज़ाकत से बनाए गए प्लेटिनम लव बैंड्स का उपहार दें। खूबसूरत व्हाईट मैटल प्लेटिनम 'मैटल ऑफ लव' के नाम से मशहूर है। यह नए युग के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है और युवा पीढ़ी द्वारा प्रेम एवं साहचर्य की भावना को प्रदर्शित करता है।

नजाकत से बनाया गया हर लव बैंड प्यार की एक विशेष कहानी कहता है, यह दुख पर खुशी की जीत और सामाजिक रूढ़ियों पर पारस्परिक सम्मान का वर्चस्व प्रदर्शित करता है। इस प्यार की नींव मित्रता है। अपनी उंगलियों में पहने लव बैंड्स पर अपने खास की उंगलियों के कोमल स्पर्श के साथ प्यार का एक वादा जुड़ा हुआ है कि वो उनका सहयोग करने, उन्हें प्रोत्साहित करने और उन्हें दिलासा देने के लिए हमेशा उनके साथ रहेंगे।

## जल्द आ रहा है आर.जे.रेखा का प्रथम काव्य संग्रह मुझसे कहते तो

राजू बोहरा

**नई दिल्ली।** मशहूर आर.जे. रेखा की आवाज तो आप सभी ने आकाशवाणी के प्रसिद्ध एफ.एम.गोल्ड चैनल पर ज़रूर सुनी होगी। आवाज की दुनिया में तो आर.जे. रेखा ने अपनी एक अलग व सफल पुख्ता पहचान बनाई है, अब वो लेखन की दुनिया में भी अपनी भागीदार निभाने जा रही है।

उनकी पहली पुस्तक जो कि उनकी स्वचित कविताओं का संग्रह मुझसे कहते तो है जो जल्द ही प्रकाशित होने जा रही है और यकीनन ये सभी पाठकों को बेहद पसंद आने वाला है। प्रथम काव्य संग्रह मुझसे कहते तो को इन दिनों सभी क्षेत्र की अनेक चर्चित और सम्मानित हस्तियों द्वारा उन्हें हस्त लिखित और वीडियो संदेश के द्वारा लगातार शुभकामनाए भेजी जा रही है। शीघ्र आ रहे आर.जे.रेखा के प्रथम काव्य संग्रह





मुझसे कहते तो के लिए जिन हस्तियों ने अपने शुभकामनाएं संदेश भेजे है उनमें भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, इंटरनेशनल चैम्बर ऑफ मीडिया एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संदीप मारवाह, मशहूर वरिष्ठ फिल्म-टीवी अभिनेता राकेश बेदी, सुप्रसिद्ध हास्य कवि पद्मश्री सम्मान प्राप्त सुरेंद्र शर्मा, जानेमाने कवि पंडित सुरेश नीरव, जानेमाने बॉलीवुड फ़िल्म-टीवी अभिनेता व लेखक-कवि डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, प्रसिद्ध संगीतकार दिलीप सेन, महानगर मेल ग्रुप के प्रधान संपादक रणवीर गहलोत , कॉमेडियन सुनील पाल, युवा कवि, लेखक, एक्टर- प्रोड्यूसर रवि यादव, पॉप सिंगर शंकर साहनी, एक्टर मोहित मट्टू, एक्टर राज चौहान, मशहूर ज्योतिषाचार्य- टैरो कार्ड रीडर डॉ. शची केशरी, एक्ट्रेस रिया आर पटवा, एक्टर-डायरेक्टर,राइटर ज़ाहिद एम शाह, एक्ट्रेस तनीषा सिंह, अभिनेता आभान्स कुमार(नफे खान), इंटरनेशनल कथक गुरु रोज़ी शर्मा आदि के नाम मुख्य रूप से शामिल है। अपने पहले कविता संग्रह को लेकर आर.जे.रेखा काफी उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें पूरी उम्मीद है उनका कविता संग्रह लोगो को जरूर पसंद आयेगा और उन्हें इस क्षेत्र में में एक नई पहचान प्रदान करेगा।

आर.जे.रेखा एक जानीमानी वॉइस ओवर आर्टिस्ट हैं तो देश-विदेश की अनेक प्रसिद्ध कंपनियों के लिए अपनी आवाज दे चुकी है।

## प्लास्टइंडिया 2023 में लैक्सेंस ने उच्च प्रदर्शन प्लास्टिक की प्रभावशाली रेंज का प्रदर्शन किया

ओपन सर्च. संवाददाता

**नई दिल्ली।** लैंक्सेस परफॉर्मेंस मटीरियल्स, हाई परफॉर्मेंस पॉलिमर्स के लिए लैंक्सेंस और एडवेंट इंटरनेशनल के बीच प्रमुख वैश्विक संयुक्त उपक्रम, 1 से 5 फरवरी 2023 तक चलने वाली प्रदर्शनी प्लास्टइंडिया 2023 में उच्च प्रदर्शन प्लास्टिक से बने आधुनिक और हल्के समाधानों की रेंज का प्रदर्शन कर रहा है।





ये समाधान ऑटोमोटिव, टु व्हीलर और ई-मोबिलटी इंडस्ट्री के लिए हैं। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्री के लिए हाई परफॉर्मेंस प्लास्टिक से बनाए गए चुनिंदा ऐप्लीकेशंस का भी प्रदर्शन कर रही है। प्लास्टइंडिया 2023 में, लैंक्सेंस ऑटोमोबाइल्स के लिए हल्के और किफायती उपकरणों की रेंज पेश कर रहा है। इसमें फ्रंट-एंड मॉड्यूल स्ट्रक्चर, एयरइनटेक हॉस, इंजन कवर, ब्रेक पैडल, स्पेयर व्हील रिसेस और ऑयल मॉड्यूल के साथ ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में अक्सर प्रयोग किए जाने दूसरे कलपुर्जे शामिल हैं। भारत समेत दुनिया भर में कंपनी इंजीनियरिंग प्लास्टिक (ड्यूरेथॉन®, पोकेन®) के क्षेत्र में हाई परफॉर्मेंस मटीरियल की सबसे बड़ी सप्लायर कंपनियों में से एक है। लैंक्सेस परफॉर्मेंस मटीरियल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस हेड पंकज खरे ने भारतीय बाजारों पर टिप्पणी करते हुए कहा, भारत सरकार के सहयोग से इलेक्ट्रिक वाहनों ने भारतीय बाजारों में प्रवेश करना शुरू कर दिया है।

लैक्सेंस परफॉर्मेंस मटीरियल्स पीए6, पीए66 और पीबीटी ई मोबिलिटी सोल्यूशन के व्यापक पोर्टफोलियो से तेजी से बढ़ते हुए मार्केट की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी बेहतर स्थिति में है। बैटरी सिस्टम और इलेक्ट्रिक पावरट्रेन में इनोवेशन के लिए हाई परफॉर्मेंस प्लास्टिक (जिसमें एफआर कंपाउंड भी शामिल है) की जरूरतों को पूरा करने के लिए हम उपभोक्ताओं को हमसे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## चाकू से ताबड़तोड़ वार कर 12वीं के छात्र की हत्या मामले में एक गिरफ्तार, एक नाबालिग भी पकड़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)

दक्षिणी दिल्ली के कालकाजी इलाके में सोमवार को 12वीं के छात्र की हत्या मामले में एक नाबालिग आरोपित भी शामिल पाया गया है। पुलिस ने नाबालिग व एक अन्य आरोपित पुल प्रह्लादपुर के शिवा चौधरी को हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचान ओखला फेज-दो के जेजेआर कैंप के मोहन उर्फ मनिया के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि हंसराज सेठी पार्क में सोमवार को छात्रों के दो समूहों के बीच मारपीट व झगड़ा हुआ था जिसमें पीड़ित छात्र (मृतक) को गहरी चोटें आई थीं। इसके बाद छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि मृतक कालकाजी के विद्यालय संख्या-दो में 12वीं का छात्र है। शनिवार को मृतक के दोस्तों का अन्य विद्यालय के छात्रों के साथ झगड़ा हुआ था। इसी के चलते छात्रों का एक समूह चाकू इत्यादि के साथ सोमवार दोपहर करीब दो बजे हंसराज सेठी पार्क पहुंचा था। जैसे ही पीड़ित व उसके दोस्त हंसराज सेठी पार्क पहुंचे तत्काल आरोपित छात्र उन पर टूट पड़े। मारपीट के दौरान अचानक एक छात्र ने पीड़ित छात्र के सीने में चाकू से वार कर दिया और वह बुरी तरह घायल हो गए। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर आरोपित शिवा चौधरी को गिरफ्तार कर लिया और एक अन्य नाबालिग को भी हिरासत में ले लिया।

# एमसीडी कर्मचारियों को केजरीवाल सरकार की सौग़ात, जल्द ही एमसीडी कर्मचारियों को मिल सकेगा जनवरी तक का वेतन

ओपन सर्च. संवाददाता

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को एमसीडी के फंड और सैलरी के लिए करीब 2,000 करोड़ रूपये जारी किए। इससे एमसीडी के कर्मचारियों को जनवरी माह तक का वेतन मिल सकेगा और उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को एमसीडी व दिल्ली सरकार के अधिकारीयों के साथ इस बाबत एक उच्चस्तरीय बैठक की।

इस मौक़े पर श्री सिसोदिया ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी में हमेशा कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा की गई और उन्हें महीनों तक वेतन नहीं मिला। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने दी थी गारंटी दी थी कि एमसीडी में भी आप सरकार बनने के बाद से सभी कर्मचारियों को समय से वेतन मिलेगा और अब हम उस गारंटी को पूरा कर रहे है।





भाजपा ने असंवैधानिक तरीक़े से अबतक मेयर के चुनाव नहीं होने दिए लेकिन अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हम दिल्ली की जनता को दी गारंटी को पूरा कर रहे है उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली की जनता ने एमसीडी में अरविंद केजरीवाल जी को मौक़ा दिया। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने गारंटी दी थी कि एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से एमसीडी के सभी कर्मचारियों

**चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने दी थी गारंटी दी थी कि एमसीडी में भी आप सरकार बनने के बाद से सभी कर्मचारियों को समय से वेतन मिलेगा : मनीष सिसोदिया**

को समय से वेतन मिलेगा। उन्होंने कहा कि बेशक भाजपा ने असंवैधानिक तरीक़े लोकतंत्र की हत्या करते हुए अबतक मेयर के चुनाव नहीं होने दिए लेकिन अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हम दिल्ली की जनता को दी गारंटी को पूरा कर रहे है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी में हमेशा कर्मचारियों के हितों की उपेक्षा की गई और उन्हें महीनों तक वेतन नहीं मिला। लेकिन हमने कर्मचारियों को किया अपना वादा निभाया है और आज एमसीडी कर्मचारियों के वेतन और फंड के लिए करीब 2,000 करोड़ रुपये जारी किए है। इसमें से एक हिस्सा अभी जारी कर दिया गया है और ही आने वाले 2-3 दिनों में एमसीडी के लिए अतिरिक्त 460 करोड़ रुपये भी जारी किए जाएँगे। श्री सिसोदिया ने कहा कि वर्तमान में एमसीडी के बहुत से कर्मचारी ऐसे है जिन्हें सितंबर से तनख़्वाह नहीं मिली है।

लेकिन इस फंड से अब कुछ दिनों में एमसीडी के कर्मचारियों को जनवरी तक का वेतन मिल सकेगा। इससे कर्मचारियों को राहत मिलेगी। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने एमसीडी के अधिकारियों से एमसीडी टैक्स व फ़ीस सहित आय के सभी स्रोतों पर भी गहनता के साथ चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि एमसीडी फ़ीस व टैक्स जमा करने में कोई भी कोताही न बरते और समय और इमानदारी के साथ इन्हें इकट्ठा करे ताकि उस फंड का इस्तेमाल वेतन देने व विकास कार्यों के लिए किया जा सके।

## सम्पादकीय

## ओपन सर्च

# कैंसर का प्रसार

कोरोना काल में कैंसर, टीबी और हृदयाघात जैसी बीमारियों के आंकड़े सामने नहीं आ पाए थे। अब आए कैंसर के ताजा आंकड़े देश की भयावह स्थिति को दर्शाते हैं। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, और चंडीगढ़ में कैंसर रोगियों की संख्या लगातार बढ़ी है। खुद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कुछ दिनों पहले राज्यसभा में आधिकारिक आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 2020 और 2022 के बीच देश में कैंसर के अनुमानित मामले और इसके कारण होने वाली मौतों की दर में वृद्धि हुई है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार, 2020 में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या 13,92,179 थी और यह 2021 में बढ़ कर 14,26,447 और 2022 में 14,61,427 हो गई। भारत में कैंसर से अनुमानित मृत्यु दर 2020 में 7,70,230 थी और यह 2021 में बढ़ कर 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 हो गई।

एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राष्ट्रीय कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग, आघात रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीडीसीएस) के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। कैंसर एनपीसीडीसीएस का अभिन्न हिस्सा है और यह कार्यक्रम बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन और कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता पैदा करने, उसके शीघ्र निदान, प्रबंधन और कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के इलाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित है। एनपीसीडीसीएस के तहत, 707 जिला एनसीडी केंद्र, 268 जिला देखभाल केंद्र और 5,541 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत और व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के एक हिस्से के रूप में सामान्य गैर-संचारी रोगों, यानी मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर की रोकथाम, नियंत्रण और जांच के लिए जनसंख्या आधारित पहल भी शुरू की गई है। इस पहल के तहत, तीस वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को तीन सामान्य कैंसर- मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा की जांच के लिए लक्षित किया गया है। 2022 में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या 1461427 थी, जिसमें पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा थीं।

महिलाओं की संख्या 749251 थी, जबकि पुरुषों की संख्या 712176 थी। महिला और पुरुषों में सबसे अधिक कैंसर पाचन तंत्र के अंगों (2,88,054), स्तन (2,21,757), प्रजनन प्रणाली (2,18,319), मुख (1,98,438) और श्वसन तंत्र (1,43,062) में होता है। महिला और पुरुषों में 74 साल की उम्र तक कैंसर पनपने का जोखिम नौ में से एक व्यक्ति को रहा है। पुरुषों में फेफड़ों के कैंसर के लिए 67 में से एक और महिलाओं में स्तन कैंसर 29 में से एक का जोखिम रहा है। भारतीय चिकित्सा परिषद अनुसंधान के दिसंबर 2022 के आंकड़ों के मुताबिक देश में स्तन कैंसर के लगभग 1,82,000 मामले पाए गए हैं। 2030 तक ये मामले बढ़ कर ढाई लाख तक पहुंच सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के मुताबिक, 2018 में कैंसर से कुल छियानबे लाख मौतें हुई थीं। इनमें से सत्तर फीसद मौतें गरीब देश या भारत जैसे मंझोली आय वाले देशों में हुईं। इसी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कैंसर से 7.84 लाख मौतें हुईं। यानी कैंसर से हुई कुल मौतों की आठ फीसद मौतें अकेले भारत में हुईं। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, और चंडीगढ़ में कैंसर के रोगियों की संख्या बढ़ी है। पंजाब में कैंसर के मामले 2018 में 36801, 2019 में 37744 और 2020 में बढ़ कर 38636 हो गए।

हरियाणा में 2018 में 27665, 2019 में 28453 और 2020 में 29219 कैंसर के मामले पाए गए। हिमाचल में 2018 में 8012, 2019, 8589 और 2020 में 8777 मामले पाए गए। चंडीगढ़ में 2018 में 966, 2019 में 994, 2020 में 1024 मामले पाए गए। मौजूदा समय में पंजाब में एक लाख लोगों पर नब्बे मरीज कैंसर से पीड़ित हैं। पिछले सात सालों में हर साल औसतन 7586 नए मामले आए। भले सरकार कैंसर पीड़ितों के इलाज पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा कर रही है, लेकिन जागरूकता की कमी के चलते इसकी कहानी उल्टी है। आज भी कई महिलाएं शर्म और डर के कारण बीमारी बताने को तैयार नहीं हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि कैंसर का इलाज करा रहे बहुत सारे मरीज मानते हैं कि कैंसर पीढ़ी-दर-पीढ़ी होने वाली बीमारी है, जबकि चिकित्सा विज्ञान के अनुसार सिर्फ पांच फीसद कैंसर मां-बाप से आगे बच्चों को होता है। पंजाब में कैंसर की अधिक दर के पीछे कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को एक कारण माना गया है। दक्षिण-पश्चिमी पंजाब के कपास उगाने वाले जिलों में कैंसर की असामान्य रूप से उच्च घटनाएं हैं, जो अन्य कारकों के साथ कीटनाशकों के उपयोग से जुड़ी हुई हैं। दुनिया भर के देशों में कैंसर के खिलाफ जंग जारी है। मगर जिस तेजी से चिकित्सा के उपाय खोजे जा रहे हैं, उससे अधिक तेजी से इसका प्रसार हो रहा है।

हालांकि इस रोग से मुक्ति के लिए देसी पद्धति से भी इलाज की संभावनाएं तलाशने के कई प्रयास हुए हैं। उनमें कुछ प्रयास आहार संबंधी बदलाव करके भी इलाज करने के किए गए हैं। जादवपुर विश्वविद्यालय के चिकित्सा विभाग में ऐसा ही एक प्रयोग किया गया, जिसमें दैनंदिन आहार में उपयोग होने वाली वस्तुओं से बनी एक औषधि सर्वपिष्ठी का परीक्षण किया गया। किसी दवाई की प्रभावकारिता का स्तर सुनिश्चित करने के लिए सामान्यतया दो प्रकार का परीक्षण किया जाता है- पहला, औषधीय (फार्माकोलाजिकल) परीक्षण और दूसरा विष विद्या संबंधी (टोक्सीकोलाजिकल) परीक्षण।

# सुविधा की भाषा के बावजूद

**विनोद के. शाह**

2010 में उच्चतम न्यायालय की सलाह पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने देश के सभी न्यायालयों को ई-तकनीक से जोड़ने, न्यायिक ग्रिड की स्थापना, एक अदालत से दूसरी अदालत में फाइलें और डेटा स्थानांतरण, वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए पक्षकारों और गवाहों के बयान दर्ज करने, अपराधी को अदालत में लाए बिना सुनवाई प्रक्रिया, प्रत्येक न्यायालय में आनलाइन आदेश की प्रति पक्षकारों को उपलब्ध कराने आदि उद्देश्यों को लेकर इस योजना का व्यापक खाका तैयार किया था। पिछले बारह वर्षों में इस योजना पर एक हजार सात सौ करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। गणतंत्र दिवस पर हुई इस शुरुआत से पक्षकारों और देश के आम नागरिकों को खुद आदेश पढ़ पाने की सुविधा उपलब्ध हो सकी है।

सबसे बड़ी मुश्किल पक्षकारों के सामने तब आती थी, जब उच्चतम और उच्च न्यायालयों के अंग्रेजी भाषा में लिखित आदेशों को वे भाषा की अज्ञानता के चलते पढ़ने में असमर्थ होते थे। हिंदी देश के बहुसंख्य देशवासियों की संवाद की भाषा है। मगर उच्चतम और उच्च न्यायालयों ने अपनी भाषा अंग्रेजी को ही बनाया हुआ है। सन 2015 में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अदालतों के फैसले हिंदी में लिखने के लिए एक हलफनामा उच्चतम न्यायालय में दाखिल किया था। पर तब उच्चतम न्यायालय ने इसे न्यायाधीशों की कठिनाई बताकर खारिज कर दिया था। हालांकि अब भी फैसले भले हिंदी सहित क्षेत्रीय भाषा में न लिखे जाएं, लेकिन अनुवाद की उपलब्धता भी बड़ी राहत होगी। हिंदी प्रदेशों की निचली अदालतों में फैसले भले हिंदी में लिखे जाते हैं, लेकिन कानूनी उपयोग की हिंदी भाषा इतनी क्लिष्ट है कि वह पक्षकारों को समझने में कठिनाई होती है। सन 1860 में बनी भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) में उर्दू, अरबी, फारसी के शब्दों की भरमार है, जिन्हें समझना हिंदीभाषी के लिए मुश्किल है। यहां भी भाषा सुधार की आवश्यकता है। इसे राज्य सरकारें भी निर्देशित कर सकती हैं। देश की अदालतों में न्याय की गति की बात करें, तो दीवानी अदालतों में हालात ये हैं कि अंतिम न्याय मिलने तक तीन पीढ़ियां गुजर जाती हैं, लेकिन उचित न्याय नहीं मिल पाता। देश के सर्वोच्च न्यायविद भी सार्वजनिक मंचों से 'देर से मिला न्याय अन्याय के बराबर है' जैसे वाक्य दोहराते हैं। मगर हकीकत यह है कि भारत का आम नागरिक देश की न्याय व्यवस्था को एड़ियां घिसने वाली व्यवस्था मानता है। देश में पचास फीसद से अधिक लंबित मामलों में कार्यपालिका की विभिन्न शाखाओं की निष्क्रियता और सामंजस्य का अभाव आम आदमी को अदालत का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर करता है। केंद्र और राज्य सरकारें वर्षों अदालतों के फैसलों को लागू नहीं कर पाती हैं।



लंबित मामलों के मुकाबले अदालतों में जजों की संख्या भी बहुत कम है। देश की प्रति दस लाख की आबादी पर मात्र बीस न्यायाधीश हैं। मगर जजों की संख्या बढ़ाने को सरकारें प्राथमिकता नहीं दे रही हैं। न्याय की देहरी पर आज भी देश का आम जन न केवल डरते-डरते मजबूरीवश चढ़ता है, बल्कि इस प्रक्रिया में अनेक तरह से उसका उत्पीड़न भी होता है। तारीख पर तारीख मिलती जाती है और अगली तारीख जानने के लिए उसे बाबुओं और वकीलों पैसा तक देना पड़ता है। गरीब, महिलाओं और जातिगत रियायत के आधार पर सरकार ने कानूनी सहायता के लिए अदालतों में विधिक सेवा प्राधिकरणों की स्थापना की है, लेकिन इन संस्थानों की कार्यपद्धति मात्र औपचारिकता तक सीमित है। देश में हर साल उच्चतम और उच्च न्यायालयों में औसतन पच्चीस हजार जनहित याचिकाएं दाखिल होती हैं, जिनमें केंद्र और राज्य सरकारों के विभाग पक्षकार होते हैं। मगर वे अदालती प्रक्रिया में भाग लेने से बचने का प्रयास करते हैं। निर्णय आता है तो विधायिका और कार्यपालिका आदेश के अनुपालन में विलंब करती हैं। कार्यपालिका की जिम्मेदारी के रूप में भारतीय दंड संहिता की धारा 41ए स्थानीय पुलिस को ऐसे अपराध, जिसमें सात साल से कम सजा का प्रावधान है, आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर सीधे अदालत में पेश करने से रोकती है। इसके अंतर्गत पुलिस को पूर्ण विवेचना कर निर्णय लेने का अधिकार है कि वह देखे कि अपराध की श्रेणी प्राथमिकी दर्ज करने योग्य है भी या नहीं। मगर राज्यों की पुलिस ऐसी विवेचना किए बगैर आरोपित व्यक्ति की न केवल सख्ती से गिरफ्तारी करती है, बल्कि जेल वारंट की मांग के साथ आरोपी को निचली अदालत में पेश करती है। भारत में हर साल पचहत्तर लाख आरोपियों को पुलिस सीधे अदालत में पेश करके जेल भेज देती है, जिनमें से अस्सी फीसद मामले बिना किसी गहन पुलिस विवेचना के, मात्र वादी पक्ष के आरोपों के आधार पर निर्धारित होते हैं। एक सर्वेक्षण से स्पष्ट है कि विचाराधीन मामलों में साठ फीसद आरोपी बाइज्जत बरी होते हैं।

इस अदालती बोझ के लिए न केवल पुलिस और अदालतों में आपसी सामंजस्य का अभाव जिम्मेदार है, बल्कि निरपराधियों को जेल और कानूनी प्रताड़ना देने के लिए भी दोषी है। अदालतों पर बोझ न पड़े, इसलिए विभिन्न न्यायायिक और अपीलीय न्यायाधिकरण जैसे बिजली, सशस्त्र सेना, केंद्रीय प्रशासनिक आयोग, कंपनी ला बोर्ड, भारत प्रतिस्पर्धा आयोग, सीमा शुल्क, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, बौद्धिक संपदा, राष्ट्रीय हरित पंचाट, भारत प्रतिभूति और विनियामक बोर्ड, सूचना आयोग, उपभोक्ता आयोग का गठन कर आम आदमी को सुलभ न्याय दिलाने का प्रयास किया गया था। मगर इन संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार विधायिका के हाथों में होने से, केंद्र और राज्य सरकारें इन संस्थाओं में नियुक्ति प्रक्रिया अपनी सुविधानुसार कर रही हैं।

इससे न्याय प्रक्रिया विलंबित होती है। प्रतीक्षारत पक्षकार न्याय मांगने इन न्यायायिक संस्थाओं के बजाय सिविल अदालतों में जाने को मजबूर होता है। हाल ही में न्यायाधिकरणों में लंबे समय से खाली पदों के कारण सुनवाई न होने पर एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों को सख्त चेतावनी दी थी कि वे तुरंत नियुक्तियां करें। मगर फिर भी अधिकांश संस्था अब भी पदविहीन बनी हुई हैं। पिछले कुछ वर्षों में बलात्कार के मामलों के शीघ्र निपटारे और अपराधियों को सजा दिलाने के मकसद से अनेक राज्यों में त्वरित अदालतों की स्थापना गई, दुर्लभतम प्रकरणों में निचली अदालतों ने समय सीमा में फांसी सहित कठोर सजा भी सुनाई हैं। मगर अब ये फैसले अपीलीय उच्च अदालतों के विचाराधीन हो चुके हैं। त्वरित अदालतें सिर्फ निचली अदालतों तक सीमित हैं। ऊपरी अदालतों में त्वरित व्यवस्था बनाने में उच्चतम न्यायालय विफल रहा है। ऐसे में सवाल है कि त्वरित अदालतों की स्थापना से सिर्फ निचली अदालतों के फैसलों को चर्चित बनाने का प्रयास हुआ है, लेकिन अंतिम न्याय के इंतजार की प्रक्रिया में ही खड़ा कर दिया गया है। चेक बाउंस जैसे सीमित कानूनी प्रक्रिया से जुड़े 'नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटस एक्ट' की धारा 138 में देश की अदालतों में तैंतीस लाख पचास हजार से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें कई मामले पिछले पांच सालों से हिचकोले खा रहे हैं। न्यायिक प्रक्रिया में होने वाली देरी से मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री सहित राज्यों के मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश अच्छी तरह परिचित हैं। इसके कारण और निराकरण के उपाय भी उपलब्ध हैं।

# विकसित भारत की दिशा दिखाता बजट

**आदित्य सिन्हा**

यह मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट था। तमाम लोगों ने इसी वजह से उम्मीद लगाई होगी कि मतदाताओं को लुभाने के लिए इसमें कर्ज माफी और मुफ्त उपहारों जैसी रेवड़ियां बांटने के लिए सरकार अपने खजाने का मुंह खोल देगी। ऐसे लोगों को निराशा ही हुई होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता तात्कालिक लाभ न होकर भविष्य पर केंद्रित है। राजनीतिक दबाव के बावजूद सरकार ने वित्तीय अनुशासन को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

बजट दर्शाता है कि सरकार के लिए देश का भविष्य ही सर्वोपरि है। यह 1988-89 में आए एनडी तिवारी के उस 'सिंदूर बजट' के बिल्कुल उलट है, जो सिंदूर और काजल जैसी वस्तुओं पर प्रतीकात्मक कर रियायतों के चलते सुर्खियों में रहा था। यह बजट वास्तव में महिलाओं और युवाओं के सशक्तीकरण एवं प्रगति को समर्पित है। अमृत काल की ओर कूच करती सरकार देश को 2047 तक विकसित बनाने की राह तैयार कर रही है। भविष्य में निवेश करने वाला यह नए भारत का बजट है जो देश की नियति से साक्षात्कार कराने की प्रक्रिया में उसकी संभावनाओं को भुनाने के




लिए तैयार किया गया है। बजट में 'सप्तर्षि' के रूप में सरकार की सात प्राथमिकताओं का दर्शन झलकता है। पहली प्राथमिकता समावेशी विकास की है। विगत नौ वर्षों से सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' की अवधारणा के अनुरूप कार्य कर रही है। सरकार कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य गतिविधियों के जरिये किसानों को समृद्ध बनाना चाहती है।

इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए पशुपालन, मत्स्य पालन और डेरी पर फोकस रखते हुए कृषि कर्ज का दायरा बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। मोटे अनाजों को दिया प्रोत्साहन किसानों के लिए लाभदायक होने के साथ ही पोषण की पूर्ति करने में भी सहायक होगा। लोगों को रेवड़ियों के भरोसे राज्य पर आश्रित करने के बजाय सरकार लोगों को कौशल प्रदान कर उनके सशक्तिकरण पर ध्यान दे रही है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जैसे कि 157 नए नर्सिंग कालेज स्थापित किए जाएंगे। फार्मास्युटिकल्स में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही शिक्षकों के प्रशिक्षण का नया ढांचा तैयार किया जाएगा। बच्चों और किशोरों के व्यक्तित्व निर्माण में मददगार नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इसकी सुविधा का लाभ कहीं से भी उठाया जा सकेगा। दूसरी प्राथमिकता अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने की है। इसके लिए सरकार दूर-दराज के दुर्गम और अल्पविकसित क्षेत्रों तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में प्रयासरत है। इसमें जनजाति जैसे वंचित वर्गों के क्षेत्रों को वरीयता देने की बात कही गई है। आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और अन्य पहलुओं के आधार पर 500 विकास खंड शामिल किए हैं। जो गरीब कैदी जमानत राशि या हर्जाने की राशि चुकाने में अक्षम हैं, उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। तीसरी प्राथमिकता दीर्घकालिक इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में निवेश से जुड़ी है। सरकार ने इस दिशा में पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी कर 10 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है।

यह वृद्धि को बल देने, रोजगार सृजन करने और निजी निवेश को साधने में सहायक होगा। इसमें राज्यों को प्रोत्साहन के लिए केंद्र ने उन्हें 50 वर्षों के लिए 1.3 लाख करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त कर्ज की पेशकश की है। रेलवे के लिए अभी तक का सर्वाधिक 2.40 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत आवंटन हुआ है। वहीं 75,000 करोड़ रुपये के निवेश से 100 महत्वपूर्ण परिवहन इन्फ्रा परियोजनाएं तैयार की जाएंगी। वायु परिवहन संपर्क को बेहतर बनाने के लिए भी 50 अतिरिक्त एयरपोर्ट और हेलीपोर्ट के साथ ही अन्य संबंधित सुविधाएं विकसित की जाएंगी। चौथी प्राथमिकता भारत से जुड़ी संभावनाओं को भुनाने की है। सरकार सुशासन, परिवहन, जवाबदेह प्रशासन और नागरिक कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है। कारोबारी सुगमता के लिए सरकार ने 39,000 अनुपालनों को घटाने और 3,400 विधिक प्रविधानों को गैर-आपराधिक प्रवृत्ति का बनाया है। पांचवीं प्राथमिकता सतत विकास के लिए हरित वृद्धि सुनिश्चित करने की है। इस दिशा में कार्बन उत्सर्जन और जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता घटाने के लिए 19,700 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

ऊर्जा संक्रमण और नेट-जीरो लक्ष्य की पूर्ति के लिए 35,000 करोड़ का प्रविधान किया है। छठी प्राथमिकता के तहत युवाओं की क्षमताओं को नया आयाम देने के लिए सरकार ने पीएम कौशल विकास योजना 4.0, स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफार्म और नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम जैसी तमाम पहल की हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआइ और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों में भी युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें भत्ते प्रदान करने के साथ ही नियोक्ताओं के साथ भी जोड़ा जाएगा। सातवीं प्राथमिकता उस वित्तीय क्षेत्र से जुड़ी है, जिसका सशक्त स्वरूप विकसित भारत के लिए अत्यंत आवश्यक है। वित्तीय सुधारों और तकनीकी उन्नयन ने वित्तीय समावेशन बढ़ाने के साथ बेहतर सुविधाएं दी हैं।

# रामचरितमानस विवाद को दूसरा मंडल-कमंडल बनाना चाहते हैं अखिलेश यादव

**अजय कुमार**

समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की रामचरितमानस पर एक विवादित टिप्पणी के बाद राजनीति के गलियारों में यह बात बड़े जोरों शोरों से फैलाई जा रही थी कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने बड़बोले नेता स्वामी के बयान से काफी नाराज हैं और उनके खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं। यह खबर बाकायदा मीडिया में भी खूब चली थी, यहां तक कि सपा की एक नेत्री ने तो स्वामी को बसपा का एजेंट बता दिया था। कुछ समय पूर्व समाजवादी पार्टी में लौट कर आए शिवपाल यादव ने रामचरितमानस पर स्वामी के बयान को उनकी निजी राय बताते हुए पार्टी की तरफ से पल्ला झाड़ लिया था, लेकिन दस दिन भी नहीं बीते होंगे कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस विवादित शख्स स्वामी प्रसाद के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय उन्हें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठा कर यह साबित कर दिया है कि उनके लिए राजनीति से इतर कुछ भी नहीं है। अपनी राजनीति चमकाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इसीलिए तो पहले अपने पिता-चाचा का अपमान करने वाले अखिलेश यादव को उनकी अपनी ही पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की रामचरितमानस पर की गई विवादित टिप्पणी में कुछ बुरा नहीं लगा होगा अन्यथा वह स्वामी प्रसाद मौर्य को इतनी जल्दी पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नहीं बना देते। वैसे यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि समाजवादी पार्टी का उत्थान ही भगवान राम का अपमान करने से हुआ है। पिता मुलायम सिंह यादव राम भक्तों पर गोली चलाने के लिए अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते थे तो बेटा अखिलेश यादव उन लोगों की पैरोकारी कर रहा है जो रामचरितमानस को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं। कुल मिलाकर समाजवादी पार्टी का चाल चरित्र चेहरा ऐसा ही है।

आज जिस तरह से हिंदुओं के धर्म ग्रंथों के खिलाफ खिलाफ स्वामी प्रसाद मौर्य बोल रहे हैं, वैसे ही कभी आजम खान, सपा सांसद शफीक उर-रहमान बर्क और मुरादाबाद के सांसद एसटी हसन जैसे तमाम नेता बोलते रहते हैं। हिंदुओं को बांट और लड़ा कर ही यह पार्टी सत्ता में आती है और तुष्टीकरण की सियासत करती है। ईद के दौरान इफ्तार के समय मुस्लिम लबादा ओढ़कर वहां पहुंच जाना समाजवादी नेताओं की दिनचर्या बन जाती है। पिछले करीब एक दशक, जबसे मोदी ने हिंदुओं को एकजुट किया है, तबसे हिंदुओं को बांटने में यह पार्टी सफल नहीं हो पाई, तो सत्ता भी इसके हाथों से खिसक गई। इस पार्टी के नेता आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमे



वापस लेते हैं, बलात्कार की घटनाओं पर कहा जाता है कि लड़कों से गलती हो जाती है, तो उसे फांसी थोड़ी दे दी जाएगी। सत्ता में रहकर कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल के लिए पैसा बांटते हैं। हिंदू कन्याओं को छोड़कर मुस्लिम लड़कियों को वजीफा देते हैं। दंगों के समय दंगाइयों का धर्म देखकर उनके खिलाफ कार्रवाई करते हैं। सत्ता में रहते थाने से अपराधियों को छुड़ाने जाने का इनका इतिहास रहा है। यह वही पार्टी है जो मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, डीपी यादव जैसे बाहुबलियों और यहाँ तक कि डकैतों के परिवार वालों तक को चुनाव लड़ा चुकी है। बहरहाल, स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पदोन्नति दिए जाने से यह साफ है कि जिन लोगों को लगता था कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव साफ-सुथरी राजनीति करते हैं, उनको अपना यह भ्रम दूर कर लेना चाहिए। असल में वह अपने पिता मुलायम सिंह यादव के ही दिखाए रास्ते पर चल रहे हैं यानि मीठा-मीठा हप, कड़वा कड़वा थू। समाजवादी पार्टी की नई कार्यकारिणी में स्वामी प्रसाद मौर्य को राष्ट्रीय महासचिव का पद मिलने के बाद स्वामी सपा के उन शीर्ष 14 नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें यह पद दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आजम खान और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चाचा शिवपाल यादव को भी जगह दी है। ऐसे में यूपी चुनाव 2022 के ठीक पहले समाजवादी पार्टी में आने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को यह अहम पद दिए जाने पर पार्टी के भीतर भी विवाद गहराना शुरू हो गया है। इसी क्रम में अखिलेश लखनऊ के मां पीतांबरा महायज्ञ परिक्रमा में पहुंचे।

वहां उन्हें हिंदूवादी संगठनों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगे। स्वामी प्रसाद मौर्य पर कार्रवाई की मांग लोग कर रहे थे। लेकिन, इन मांगों से इतर अखिलेश यादव ने पूरे मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस से जोड़कर रुख पलटने की कोशिश कर दी है। घटना के एक दिन बाद रविवार 29 जनवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य को अहम पद देकर उन्होंने करीब 32 साल पहले मुलायम सिंह यादव के फैसले की याद दिला दी है। वर्ष 1990 के आसपास मंडल और कमंडल की राजनीति चरम पर थी। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी श्रीराम जन्मभूमि के मुद्दे को गरमा रही थी। राम मंदिर के नारे लग रहे थे। देश में रथ यात्रा निकाली जा रही थी। दूसरी तरफ, मुलायम सिंह यादव और लालू यादव जैसे नेता मंडल की राजनीति के जरिए राजनीतिक मैदान में अपने पांव जमा रहे थे। वर्ष 1990 में मुलायम सिंह यादव यूपी के मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में कारसेवा की घोषणा हुई थी। मुलायम सिंह यादव ने किसी भी स्थिति में कारसेवा न होने देने की घोषणा की। हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया। इसके बाद भी मुलायम सिंह यादव नहीं झुके नहीं थे। अयोध्या में कारसेवक जुटे। विवादित बाबरी मस्जिद परिसर की तरफ बढ़े। कार सेवा की घोषणा पहले से हो चुकी थी।

ऐसे में कारसेवकों को रोकने के लिए गोलियां चलवाई गईं। कारसेवकों का खून बहा। इसके बाद भी सरकार नहीं पिघली। मुलायम सिंह यादव को तब मुल्ला मुलायम तक कहा जाने लगा था। लेकिन, उन्होंने इसकी परवाह नहीं की। रामचरितमानस पर उठे विवाद के बीच चारों तरफ स्वामी प्रसाद मौर्य का विरोध हो रहा है। यहां तक कि समाजवादी पार्टी में भी कई नेता उनके बयान से सहमत नहीं हैं। वहीं अखिलेश यादव कुल मिलाकर अगड़े पिछड़ों की राजनीति करने में लगे हैं जैसे कि उनके पिता ने सत्ता पाने के लिए हिंदुओं को बांटने के लिए मंडल कमंडल की राजनीति की थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542 फोन :- 011-46696546 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com
सम्पादकीय कार्यालय :- 15&16 सिंधिया हाउस, कस्तूरवा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

# खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा दे रही पंजाब सरकार, 20 ग्रामीण औद्योगिक हब करेगी स्थापित : सीएम मान

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा दे रही है

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

पंजाब मोहाली में 23 और 24 फरवरी को 5वें प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रहा है। समिट की तैयारियों को लेकर बुधवार की शाम को मोहाली में एक निर्वाचिका सभा आयोजित की गई। जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उद्योगपतियों के साथ बातचीत की।

इस बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा दे रही है। जो एक ओर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा और साथ ही किसानों को भी अत्यधिक लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने आगे यह भी कहा कि राज्य सरकार जल्द ही पूरे राज्य में 20 ग्रामीण औद्योगिक हब स्थापित करेगी। ये हब उद्योगपतियों को अपनी इकाइयां स्थापित करने में सुविधा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस होंगे। ये हब औद्योगिक विकास को बढ़ावा देंगे। भगवंत मान ने उद्योगपतियों को इन हब्स में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। आधिकारिक बयान के अनुसार, मान ने एक स्पष्ट आह्वान किया कि स्थानीय उद्योग को राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाए ताकि इसे दुनिया भर में एक औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर सके। और राज्य में उद्योग के लिए अनुकूल माहौल मुहैया कराया है। मान ने यह भी कहा कि उद्योग को सुविधा देने के लिए आदमपुर, हलवारा और भिसियाना हवाई अड्डों से घरेलू उड़ानें शुरू करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार निवेशकों की सुविधा के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत करने के लिए ज़ोरदार प्रयास कर रही है। मान पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि पहले सिंगल विंडो सेवा महज एक दिखावा थी, जिसका कोई सार्थक उद्देश्य नहीं था, जिसने न केवल निवेशकों के मनोबल को गिराया है।



**पंजाब मोहाली में 23 और 24 फरवरी को 5वें प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रहा है। समिट की तैयारियों को लेकर बुधवार की शाम को मोहाली में एक निर्वाचिका सभा का आयोजन किया गया।**

बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास में भी बाधा डाली। हालांकि, मान सरकार ने यह फैसला किया है कि सिंगल विंडो सिस्टम राज्य में निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए एक वास्तविक मददगार के रूप में काम करे।

## 43 पार्कों को नगर परिषद देगी गोद

**सिरसा (एजेंसी)** नगरपरिषद सिरसा के अधीन आने वाले पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी अब संस्था व आरएसडब्ल्यू को सौंपने की तैयारी कर ली है। नगरपरिषद सिरसा के 43 पार्कों को गोद देगी और फिर संस्था की जिम्मेदारी ही पार्कों के रखरखाव की होगी। संस्था को निकाय विभाग की नई पालिसी के तहत खर्च दिया जाएगा। बता दें कि सिरसा में रखरखाव के अभाव में पार्कों की स्थिति खराब हो रही है इसीलिए नगरपरिषद इन पार्कों को संस्थाओं को सौंपने की तैयारी कर रही है।

42 पार्कों का पहले ही दिया जा चुका है ठेकानगरपरिषद की ओर से शहर में 42 पार्कों का ठेका दो माह पहले एक एजेंसी को दिया गया है। एक करोड़ 65 लाख की राशि से इन पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी एजेंसी को दी गई है। पार्कों की समुचित व्यवस्था एजेंसी कर रही है जिसमें सफाई से लेकर देखभाल सब एजेंसी के जिम्मे दिया गया है। नई पालिसी के तहत चार रुपये प्रति वर्ग फीट के हिसाब से देखभाल के लिए राशि मिलेगी और इसके लिए नगरपरिषद के साथ संबंधित संस्था को एमओयू साइन करना होगा जो कम से कम एक वर्ष का होगा।

# एक नज़र

## पांच किलो चरस के साथ अंबाला से आ रही थीं, नेपाली मूल की दो महिलाएं गिरफ्तार

**डेराबस्सी (एजेंसी)** पुलिस ने स्थानीय बस स्टैंड से मंगलवार शाम को नेपाली मूल की दो महिलाओं को पांच किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों की पहचान 50 वर्षीय दिलमाया पत्नी शुकलाल निवासी गांव कनेटा जिला कपिलवस्तु और 30 वर्षीय हिकमती पुन पुत्री करुम पुन निवासी ठाहबांग जिला रोलपा, नेपाल के तौर पर हुई है।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। एएसपी डा. दर्पण आहलूवालिया ने बताया कि सूचना के आधार पर एएसआइ कुलदीप सिंह और एएसआइ परमजीत सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने मंगलवार शाम डेराबस्सी बस स्टैंड पर नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान बैग टांगे दो महिलाएं अंबाला की ओर से आती दिखीं जो पुलिस को देख पीछे मुड़कर तेजी से भागने लगीं। पुलिस ने उन्हें रोका और उनके हैंडबैग की तलाशी ली तो दोनों के कब्जे से कुल पांच किलो चरस बरामद हुई। आरोपित महिलाएं ड्रग सप्लाई कूरियर एजेंट के तौर पर काम करती हैं। उन्हें यह खेप आगे किसी को पहुंचानी थी। दिलमाया से तीन किलो और हिकमती से दो किलो चरस बरामद हुई है।

## लेब्राडोर नस्ल के पालतू कुत्ते ने महिला व 9 साल की बच्ची पर किया हमला

**बादशाहपुर (एजेंसी)** सेक्टर-47 की यूनीवर्ल्ड गार्डन-टू सोसायटी में लिफ्ट से निकलते समय सोसायटी के ही एक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने नौ वर्षीय बच्ची पर हमला बोल दिया। कुत्ते ने बच्ची की मां पर कई बार हमला किया। बच्ची के पिता अमित की शिकायत पर पुलिस जांच के लिए पहुंची। सोसायटी के सी-टू ब्लाक में 701 नंबर फ्लैट मालिक का सहायक अपने कुत्ते को लिफ्ट से घुमाने के लिए ले जा रहा था। उसी दौरान सोसायटी में रह रही एक महिला अपनी नौ वर्षीय बेटी के साथ लिफ्ट से अपने फ्लैट में जा रही थी। महिला के हाथ में एक थैला था। लेब्राडोर नस्ल के पालतू कुत्ते ने थैले को झपटने का प्रयास किया। बेटी पर भी कुत्ते ने हमला किया।

कुत्ते ने महिला और उनकी बेटी पर लगातार कई बार हमला किया। महिला ने बेटी को बचाने का भी प्रयास किया। घटना के बाद मालिक ने कुत्ते को केयर होम में भेज दिया है। पुलिस कुत्ते के पंजीकरण की जांच कर रही है।

## केवाइसी अपडेट का झांसा देकर युवक से की पांच लाख रुपये की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**रेवाड़ी (एजेंसी)** मोहल्ला आनंद नगर के रहने वाले एक व्यक्ति को केवाइसी (नो योर कस्टमर) अपडेट करने व खाता बंद होने का झांसा देकर बैंक खाते की सारी जानकारी ले ली और बैंक खाते से पांचा लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर बैंक खाते से नकदी निकलने के मैसेज आने के बाद धोखाधड़ी का पता लगा और पुलिस को शिकायत दी गई। शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के मोहल्ला आनंद नगर के रहने वाले जितेंद्र सिंह ने कहा है कि 23 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। मैसेज में एसबीआइ का लोगो लगा हुआ था।

मैसेज में लिखा था कि केवाइसी अपडेट न होने के कारण उनका बैंक खाता बंद हो गया है। अगले दिन 24 जनवरी को एसबीआइ के लोगो लगे मोबाइल नंबर से उनके पास काल आई। आरबीआई का लोगो लगा देख कर जितेंद्र सिंह ने काल उठा ली। फोन पर बता करने वाले ने खुद को एसबीआइ का अधिकारी बताया और केवाइसी अपडेट करने का झांसा देकर बैंक खाते की सारी डिटेल ले ली। बैंक खाते की जानकारी लेने के बाद शातिर ठग ने आरटीजीएस के जरिए पांच लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए।

## खुद को पत्रकार बता की जबरन वसूली, गल्ले में पड़ी नगदी और लाटरी टिकट निकाली, तीन पर केस

**लुधियाना (एजेंसी)** बहादर के रोड स्थित चिट्टी कालोनी की एक दुकान से जबरदस्ती वसूली करने के आरोप में थाना सलेम टाबरी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

खुद को पत्रकार बता आरोपितों ने दुकान के गल्ले में पड़ती तीन हजार की नकदी और सरकारी लाटरी बंपर के सात टिकट निकाल लिए। एएसआइ जतिंदर सिंह ने बताया कि आरोपित जस्सी तथा उसका अज्ञात साथी है। पुलिस ने बाबा थान सिंह चौक स्थित ढोका मोहल्ला की गली नंबर 3 निवासी हरविंदर सिंह की शिकायत पर उनके खिलाफ उक्त केस दर्ज किया। हरविंदर ने बताया कि वह चिट्टी कालोनी में सरकारी लाटरी बंपर बेचने की दुकान चलाता है। करीब 10 दिन पहले उसकी दुकान पर वर्कर गिन्नी मल्होत्रा मौजूद था। इसी दौरान तीन लोग आए और खुद को पत्रकार बताते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद गल्ले में पड़ी नगदी और लाटरी के टिकट निकाल लिए।

## सात साल पहले मर चुके व्यक्ति के नाम पर खुलवाया खाता फिर लिया बैंक से लोन, पुलिस कर रही तलाश

**कैथल (एजेंसी)** सात साल पहले मर चुके एक व्यक्ति के नाम पर बैंक खाता खुलवा कर ऋण लेने का मामला सामने आया है। वार्ड नंबर तीन कलायत निवासी बीरो देवी की शिकायत पर ठग के विरुद्ध सिविल लाइन थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायत में बताया कि उसके पति रामनिवास की मृत्यु 2015 में हो चुकी है। कुछ दिन पहले उसके उसके पति के नाम इंडियन ओवरसीज बैंक की एक चेक बुक उनके घर आई थी।

20 दिसंबर 2022 को उसका बेटा संदीप और चचेरा भाई नरेश बैंक में गए थे। उन्होंने बैंक कर्मचारियों को सच्चाई बताई। बैंक मैनेजर ने उनसे चेक बुक वापस ले ली। उनसे जब ऋण के बारे में जानकारी लेनी चाही तो मैनेजर ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्हें बैंक से भी बाहर जाने के लिए कहा गया। खाता से संबंधित जरूरी कागजात और खाते की जानकारी दिखाने के लिए कहा तो बैंक कर्मचारियों ने मना कर दिया।

## कैब चालक ने घर की छत पर खुद को लगाई आग, हुई मौत, कोल्ड ड्रिंक की बोतल में लाया था तेजाब

**रोहतक (एजेंसी)** हुमायुपुर गांव में कैब ड्राइवर ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्वजनों का कहना है कि कैब ड्राइवर कुछ दिनों से दिमागी रूप से परेशान चल रहा था, जिस कारण उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने इत्तेफाकिया कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हुमायुपुर गांव का रहने वाला 36 वर्षीय अशोक गुरुग्राम में कैब चलाता था। बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे वह अपने घर पहुंचा।

उस समय उसकी पत्नी पड़ोस में गई थी। घर पहुंचने के बाद वह सीधा पहली मंजिल पर बने कमरे में गया। जबकि परिवार के अन्य सदस्य नीचे थे। करीब आधा घंटा बाद अशोक के चिल्लाने की आवाज आई। तब जाकर स्वजन और पड़ोसी वहां पहुंचे। उन्होंने देखा कि छत पर आंगन में खड़े होकर अशोक ने खुद को आग लगा रखी थी, जो दर्द से चिल्ला रहा था। स्वजनों और पड़ोसियों ने आग पर काबू करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग इतनी बढ़ चुकी थी कि अशोक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने वहां पर आधा लीटर कोल्ड ड्रिंक की बोतल बरामद की।

# हरियाणा के रेवाड़ी में 10वीं की छात्रा की चाकू से गोद कर हत्या, हाईवे किनारे फेंका शव

**रेवाड़ी (एजेंसी)**

शहर के एक मोहल्ला की रहने वाली नाबालिग की अज्ञात ने चाकू से गोद कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को रोहतक-बावल हाईवे पर रामगढ़ चौक के निकट फेंक दिया। बुधवार की देर शाम पुलिस ने शव बरामद कर किया है।

नाबालिग मंगलवार की शाम से लापता था और स्वजन ने बुधवार की सुबह शहर थाना में शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बुधवार की देर शाम करीब आठ बजे सूचना मिली कि एनएच-352 पर रामगढ़ चौक निकट एक लड़की का शव पड़ा हुआ है।

सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू की। लड़की गर्दन पर चाकू के वार मिले है। पुलिस ने जांच शुरू तो शव की शिनाख्त शहर के एक मोहल्ला की रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई। सूचना के बाद रात को लड़की के स्वजन भी मौके पर पहुंचे। स्वजन के अनुसार नाबालिग शहर के एक स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा थी।

वह रोजाना ट्यूशन पढ़ने के लिए मोहल्ला नई आबादी में जाती थी। मंगलवार को भी वह घर से ट्यूशन पर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी थी। वापस नहीं लौटने पर स्वजन ने तलाश भी की। एक जगह लगे सीसीटीवी कैमरे में शाम के समय नाबालिग वापस घर लौटती हुई थी दिखाई दी। स्वजन ने बुधवार की सुबह शहर थाना में शिकायत देकर अपहरण का मामला दर्ज कराया था। अंदेशा है कि अपहरण करने के बाद नाबालिग की चाकू से गोद कर हत्या कर दी और शव को हाईवे किनारे फेंक दिया। पुलिस ने फोरेंसिक एक्सपर्ट को भी शव की जांच के लिए बुलाया है। देर शाम तक पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी। नाबालिग का शव सदर थाना क्षेत्र में मिला है, लेकिन अपहरण का मामला शहर थाना में दर्ज होने के कारण जांच भी उसी थाना पुलिस द्वारा की जाएगी।

शहर थाना पुलिस मामले में अपहरण के साथ हत्या की धारा भी जोड़ेगी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस आरोपित के बारे में भी सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।



**एसएचओ शहर थाना विद्यासागर ने बताया कि इस मामले में हत्या की प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। आरोपित के बारे में भी सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। नाबालिग छात्रा मंगलवार से लापता थी।**

## दोस्त के साथ बाइक पर बैठकर स्नैचिंग करती थी महिला, 24 घंटे में तीन वारदात, दोनों गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)**

बाइक पर दोस्त के साथ बैठकर महिलाओं से स्नैचिंग करने वाली महिला और उसके साथी को बुधवार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों की पहचान पंजाब के मुक्तसर निवासी 24 वर्षीय महिला रमन और साथी बाम्ब कालोनी निवासी विक्रम लाडी के तौर पर हुई है। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर महिलाओं से स्नैचिंग के दो मामले सुलझाने का दावा किया है। वारदात में इस्तेमाल बाइक भी पुलिस ने जब्त कर ली है। 28 जनवरी को सेक्टर-25 में रहने वाली अंजू नामक महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह शाम को घर की तरफ जा रही थी। जैसे ही सेक्टर-37/38 के विभाजित मार्ग पर पहुंची तभी बाइक सवार बिना हेलमेट दो लोग पीछे से आए। इतने में बाइक सवार महिला ने उसके हाथ से मोबाइल स्नैच कर लिया। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर-38सी में रहने वाली युवती शिल्पी ने बताया कि जब वह मोहाली जा रही थी तो सेक्टर-40/41 के लाइट प्वाइंट पर बाइक सवार दो स्नैचर्स पीछे से आए और पीछे बैठी महिला ने उसका आइ-




फोन 11 स्नैच कर लिया। एएसपी मृदुल ने बताया कि सेक्टर-41/42 डिवाइडिंग रोड के पास सेक्टर-39 थाना एसएचओ इरम रिजवी के नेतृत्व में टीम ने नाका लगाकर विक्रम लाडी को पकड़ा।

उससे पूछताछ के आधार पर रमन को काबू किया गया। जांच में सामने आया कि विक्रम लाडी के खिलाफ पंजाब के साहनेवाल और मुक्तसर में एक-एक एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है।

## नहीं थम रही घटनाएं, प्लास्टिक डोर से महिला डाक्टर का कटा गला

**जालंधर (एजेंसी)**

पंजाब में प्लास्टिक डोर से लोगों के घायल होने की कई खबरे सामने आ



रही हैं। पुलिस के सख्त एक्शन के बाद भी यह घटनाए कम होने का नाम नहीं ले रहीं। पंजाब में सख्ती के बावजूद भी प्लास्टिक डोर का इस्तेमाल हो रहा है। इसी बीच प्लास्टिक डोर से दो लोग और घायल हो गए हैं। ऐसा ही एक ममला जालंधर में सामने आया है जहां लाजपत नगर में एक्टिवा पर क्लीनिक से घर वापस लौट रही डा. हरदीश सेठी का प्लास्टिक डोर की चपेट में आने से गले पर कट लग गया। उन्हें 15 टांके लगे हैं। घटना के बारे में महिला कांग्रेस की नेशनल कोआर्डिनेटर एवं निवर्तमान पार्षद डा. जसलीन सेठी ने बताया कि उनकी देवरानी डा. हरदीश कौर सेठी एक्टिवा से घर आ रही थी कि अचानक उनके गले में प्लास्टिक डोर फंस गई। उनकी देवरानी की एक्टिवा की स्पीड काफी कम थी अन्यथा यह दुर्घटना और भी घातक हो सकती थी। घायल की देवरानी ने पंजाब सरकार से मांग की है कि प्लास्टिक डोर पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाकर कार्रवाई की जाए। प्लास्टिक डोर पहले भी कई लोगों के लिए घातक साबित हो चुकी है। प्लास्टिक डोर का इस्तेमाल रोकने के लिए बड़े लेवल पर एक्शन होना चाहिए तभी लोगों की जान बचाई जा सकेगी। प्लास्टिक से बनी डोर न सिर्फ मानवीय जीवन के लिए, बल्कि पक्षियों के लिए भी खतरनाक है।

## पैसे के लिए युवक को करते थे परेशान, हत्या की दोषी पत्नी उसकी बहन और पहले पति को भी कैद

**होशियारपुर (एजेंसी)**

जिला सेशन जज दिलबाग सिंह जोहल की अदालत ने पति की मौत के मामले में पत्नी, उसकी बहन तथा मृतक की पत्नी के पहले पति को दोषी मनाते हुए तीन-तीन वर्ष कैद व दो-दो हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर दोषियों को एक-एक माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जानकारी के अनुसार 10 मई 2017 को थाना माडल टाऊन के एएसआइ जुगराज सिंह को दिए बयान में सरवन सिंह निवासी लोधी चक्क थाना टांडा ने बताया कि उसका बेटा मनिंदर सिंह खेतीबाड़ी करता था, जिसकी शादी 2016 में मनप्रीत कौर उर्फ ज्योति निवासी रामगढ़ कुलिययां थाना मुकेरियां के साथ हुई थी। शादी के पांच महीने बाद मनिंदर सिंह को पता चला कि मनप्रीत कौर की पहले भी शादी हो चुकी है और उसके बच्चे भी है। मनप्रीत कौर का पहला पति प्रदीप कुमार निवासी दशमेश नगर थाना माडल टाउन होशियारपुर में रहता है। जिससे मनप्रीत कौर शादी के बाद भी मिलती थी। इसी को लेकर मनिंदर सिंह और उसकी पत्नी मनप्रीत कौर में झगड़ा रहता था। कुछ समय बाद मनप्रीत कौर, प्रदीप कुमार और मनप्रीत कौर की बहन माणो पैसे के लिए मनिंदर सिंह को परेशान करने लगे। जिसकी उन्होंने थाना माडल टाउन में शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने 9 मई 2017 को दोनों पार्टियों को बुलाया और बात करने के बाद दोनों को अगले दिन का समय दे दिया। नौ मई को ही रात को अचानक मनिंदर सिंह की तबीयत खराब हो गई और वह उल्टियां करने लगा। उसे तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल होशियारपुर लाया गया। जहां से उसे लुधियाना रेफर कर दिया गया मगर रास्ते में ही मनिंदर सिंह की मौत हो गई।



उसे यकीन है कि उसके बेटे की मौत नशीला पदार्थ निगलने से हुई है। पुलिस ने प्रदीप कुमार, मनप्रीत कौर और उसकी बहन माणों निवासी रामगढ़ कुलियां थाना मुकेरियां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। मंगलवार को उक्त मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

# बंदरों ने ऐसा मचाया आतंक कि छत से गिरकर बुजुर्ग की हुई मौत, महिलाओं और बच्चों को बनाते हैं निशाना

**महेंद्रगढ़ (एजेंसी)**

शहर में बंदरों का आतंक पूरे चरम पर है। ये बंदर जहां आए दिन बच्चे तथा महिलाओं और बुजुर्गो को घायल कर रहे हैं, वहीं ये अब उनकी जान के दुश्मन भी बन रहे हैं। बुधवार को शहर के वार्ड 13 में बंदरों के हमले से एक बुजुर्ग छत से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

बंदर के काटने से हुई बुजुर्ग की मौत से शहर में दहशत का माहौल है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन से कई बार बंदरों को पकडने की गुहार लगाई, लेकिन पालिका के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। मृतक की पहचान वार्ड 13 के रहने वाले गंगाश्याय पुत्र नेतराम (65) के रूप में हुई है। गंगाश्याय हाल ही में पशुपालन विभाग से रिटायर्ड हुए थे।बता दें कि शहर में इन दिनों बंदरों के आतंक से लोग खौफजदा हैं। इनके काटने के मामले भी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। महीने में ऐसा कोई भी दिन नहीं है जब लोग इनके शिकार न हो रहे हैं। शहर की गलियों तथा छतों पर घूमती इनकी टोलियां निरंतर महिलाओं व बच्चों पर हमला कर रही हैं। जिससे लोग भयभीत हैं।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में दो माह के अंदर 48 लोगों को बंदरों ने अपना शिकार बनाया है। दरअसल, शहर में बंदरों की संख्या इसलिए बढ़ रही क्योंकि बाहरी जिलों की नगर निगम तथा परिषदों द्वारा पकडवाए जा रहे बंदरों को शहर के तिजारा मार्ग स्थित अरावली के पहाड़ में छोडा जा रहा है। शहर नजदीक होने के चलते ये बंदर बड़ी आसानी से शहर में प्रवेश कर लोगों को परेशान कर रहे हैं। शहरवासी सतीश कुमार, मुकेश शर्मा, नरेश कुमार, अनिल गर्ग आदि ने बताया कि नपा प्रशासन से बार-बार बंदरों को पकड़वाने की गुहार लगा चुके हैं। लेकिन पालिका प्रशासन इसपर ध्यान नहीं दे रहा है। पालिका प्रशासन की लचर तथा सुस्त कार्रवाई के चलते शहर के लोग जहां बंदरों का शिकार हो रहे हैं वहीं उन्हें अब जानमाल का नुकसान भी हो रहा है।

उत्तर रेलवे

G20 भारत 2023 INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82232895 | पीएफएस में एरिथ्रोपोइटिन ह्यूमन रिकॉम्बिनेंट इंजेक्शन 4,000 आईयू | 36300 Nos. | 02.03.2023 |
| 2. | 82231055 | सैक्यूबिट्रिल 49mg और वाल्सार्टन 51 मिलीग्राम | 122268 Nos. | 02.03.2023 |

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

पत्र सं.:-विविध/टेंडर सेल/सेंट्रल हॉस्पिटल/उ.रे. दिनांक: 01.02.2023

351/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82231193 | सीताग्लिप्टिन 50mg और मेटफोर्मिन 500mg | 782152 Nos. | 06.03.2023 |
| 2. | 82231208 | इंसुलिन ग्लार्गिन इंजेक्शन पेन 100IU प्रति एमएल (लॉन्ग एक्टिंग इंसुलिन) | 25338 Nos. | 06.03.2023 |
| 3. | 82230059 | मानव जमावट कारक VIII 500IU पुनः संयोजक | 822 Nos. | 10.03.2023 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं: Inj. Medicines दिनांक: 01.02.2023 349/2023

G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नज़र

### अदालत में कथित नक्सलियों को नहीं पहचान सके आईएएस एलेक्स पॉल, 2012 में हुआ था अपहरण

**सुकमा (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कलेक्टर रहे एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण मामले में बुधवार को दंतेवाड़ा एनआईए कोर्ट में बयान दर्ज किया गया। अपहरण के आरोप में जेल में सजा काट रहे कथित नक्सली आकाश उर्फ भीमा को कोर्ट में पेश किया गया।

इस दौरान एलेक्स पॉल ने कथित नक्सली को पहचाने से मना कर दिया। एलेक्स पॉल ने अपने बयान में कहा कि घटना काफी पुरानी है, इसलिए अभियुक्त गणेश उईके, रमन्ना, पापा राव, विजय मड़कम आकाश, हुंगी, उर्मिला, मल्ला, निलेश, हिड़मा, हेमला भीमा उर्फ आकाश, मुकेश भीमा, देवा व 125 अनय नक्सली को भविष्य में भी नहीं पहचान पाऊंगा। बता दें कि 21 अप्रैल 2012 को एलेक्स का अपहरण कर लिया गया था। छत्तीसगढ़ पुलिस ने 2016 में भीमा को गिरफ्तार करने का दावा किया था। एलेक्स पॉल ने अपने साथ हुई अपहरण की घटना की आपबीती बताई है। उन्होंने अपने बयान में कहा, सुकमा के केरलापाल स्थित मांझी पारा में जल संरक्षण कार्यों के नक्शे का अवलोकन कर रहा था, उसी समय वहां पर गोली चलने की आवाज आई।

### छात्र की अभद्रता से स्कूल ने नहीं दिया 11वीं में प्रवेश, छात्र ने 4 मंजिल से लगाई छलांग, नीचे खड़े एसआई पर गिरा

**भोपाल (एजेंसी)** भोपाल के कोलार इलाके में एक छात्र चार मंजिला इमारत की छत पर चढ़ कर छलांग लगा दी। जिसमें छात्र को मामूली चोटें आई है। छात्र छत की मुंडेर पर बैठकर नीचे कूदने की धमकी देने लगा। जिसके बाद बचाने गए लोगों को देखकर वह नीचे कूद पड़ा। दरअसल छात्र स्कूल प्रबंधन से नाराज था इसलिए उसने यह कदम उठाया था। पुलिस जानकारी के मुताबिक वह दसवीं पास कर11वीं कक्षा में आया था।

लेकिन स्कूल के प्रबंधन ने उसे 11वीं कक्षा में प्रवेश नहीं दिया था। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि वह चोरी के एक मामले में हाल ही में छूटकर आया है। इसलिए हमने उसे प्रवेश नहीं दिया है। इसको लेकर वह आए दिन स्कूल जाकर स्कूल प्राचार्य से अभद्रता कर धमका रहा था। स्कूल प्राचार्य नेहा अध्?वर्यु ने बताया है कि ऋषभ ने अभी कुछ दिन पहले ही स्कूल में आना शुरू किया है। वह प्रवेश के लिए धमकियां दे रहा था। उसको लेकर स्कूल में अच्छा माहौल नहीं रहा है। उसका आपराधिक रिकार्ड भी है।

### कोटली में सड़क किनारे नालियां बनाना भूला विभाग, वर्षा होने के बाद गंदे पानी से भर जाती है सड़क

**राजगढ़ (एजेंसी)** नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड सात कोटली में लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क को चौड़ा तो कर दिया गया है, लेकिन सड़क के किनारे नालियां बनाना विभाग भूल गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण को हटाने के लिए उच्च न्यायालय के आदेशों में एक मुहिम चलाई गई थी। जिसके चलते वार्ड नंबर सात में सड़क को चौड़ा जरूर किया गया। मगर सड़कों के किनारे पानी की निकासी की विभाग द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई हैं। इसके चलते बारिश का पानी नालियों में भर जाता है और इस वार्ड के लोगों को अपने घरों के लिए गंदे पानी को क्रास करके जाना पड़ता है।

वार्ड के स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में पानी भरा होने से विशेषकर गर्मियों व बरसात में मच्छर व कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं। जोकि जूतों के साथ घर में प्रवेश कर जाते हैं। जिससे कई बार बीमारियों के फैलने की संभावना उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासी दुर्गेश सिंहमार, कुलभूषण सूद, एमएन तिवारी, संजीव शर्मा सहित अनेक लोगों ने बताया कि लोक निर्माण से कई वर्षों से पक्की नाली बनाने की गुहार लगाई जा रही है।

### नरवाल आईईडी विस्फोट के अरोप में रियासी से सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार

**जम्मू (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने दावा किया कि 20 जनवरी के नरवाल में हुए दो आईईडी विस्फोट में लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। आतंकी एक सरकारी कर्मचारी भी है, जिसके कब्जे से एक परफ्यूम आईईडी मिला है। जम्मू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू पुलिस की 11 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद, जम्मू संभाग के रियासी जिले के निवासी आरिफ अहमद को गिरफ्तारी किया है। उन्होंने बताया कि आरिफ एक सरकारी कर्मचारी है और लश्कर-ए-तैयबा संगठन का सक्रिय आतंकवादी है।

वह रियासी निवासी कासिम दीन और उसके मामा कमरदीन के इशारे पर काम कर रहा था, दोनों वर्तमान में पाकिस्तान में है और लश्कर का हिस्सा हैं। आरिफ ने अब तक तीन आईईडी विस्फोट करने की बात कबूली है।

### ओडिशा में बेपटरी हुई मालगाड़ी, शिवलिंगपुरम के पास 11 डिब्बे पटरी से उतरे, रेल सेवा प्रभावित

**अनुगुल (एजेंसी)** शिवलिंगपुरम के पास गुरुवार की सुबह एक मालगाड़ी के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। जिससे इस मार्ग पर ट्रेन सेवा प्रभावित हुई। जानकारी के अनुसार ट्रेन कोठावालासा से अरकू जा रही थी, तभी सुबह करीब पांच बजकर पचास मिनट पर डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि, ट्रेन के पटरी से उतरने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

ट्रेन के पटरी से उतरने के बाद कोरापुट से गुजरने वाली विशाखापत्तनम-जगदलपुर पैसेंजर ट्रेन को दोनों दिशाओं से रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, कई अन्य मालगाड़ियों की आवाजाही भी दोनों दिशाओं से रद्द कर दी गई है। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना मिलने पर कोरापुट से बचाव दल, तकनीकी दल, विद्युत खंड और ट्रैक पटरी प्रबंधन टीम हरकत में आई और दुर्घटनास्थल पर पहुंच गई है। इसी तरह, विशाखापत्तनम से एक बचाव दल भी दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हुआ है।


### अब पुणे में कोयटा खरीदने के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य, अपराध में बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए लिया फैसला

**पुणे (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पुणे में हाल में असामाजिक तत्वों द्वारा लोगों को आतंकित करने और उन पर हमला करने के लिए 'कोयटा' या बिलहुक के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुए पुलिस ने शहर में कृषि उपकरणों के विक्रेताओं को खरीदारों की एक सूची बनाए रखने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके आधार कार्ड के विवरण को नोट करके ऐसे उपकरण खरीदने वालों का रिकॉर्ड रखना अब अनिवार्य होगा। यह कदम नाबालिगों सहित बदमाशों की घटनाओं में तेजी के मद्देनजर उठाया गया है, जिसमें कोयटा से लोगों पर हमला करना और उन्हें आतंकित करना शामिल है। पिछले कुछ महीनों में तथाकथित कोयटा गिरोह के सदस्यों द्वारा बिलहुक दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने की कई घटनाएं सामने आई हैं, खासकर पुणे शहर के बाहरी इलाकों में।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमोल ज़ेंडे ने कहा, हमने जोनल डीसीपी से अपने क्षेत्रों में कृषि उपकरणों के खुदरा विक्रेताओं को निर्देश देने के लिए कहा है कि वे खरीद के समय कोयटा के खरीदारों की पहचान दर्ज करना सुनिश्चित करें। ज़ेंडे ने कहा, उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उपकरण केवल कृषि और अन्य वैध उद्देश्यों के लिए बेचे जा रहे हैं। उनके अनुसार, पुलिस ने कई असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की है जो लोगों को आतंकित करने के लिए बिलहुक का इस्तेमाल करते पाए गए थे।

# उत्तराखंड के अनियोजित शहरों को संवारने का सुनहरा मौका, केंद्रीय बजट ने जगाई सुधार की उम्मीद

**देहरादून (एजेंसी)**



उत्तराखंड के प्रमुख शहर देश के सर्वाधिक बढ़ने वाले शहरों में से एक हैं। चिंता की बात यह है कि यह रफ्तार सिर्फ आबादी के ग्राफ में दिख रही है। सार्वजनिक सुविधाओं और व्यवस्था की बात की जाए तो हालात बेहद चिंताजनक हैं।

कूड़ा प्रबंधन से लेकर, जल निकासी, यातायात व अन्य सुविधाओं के मामले में शहर फिसड्डी नजर आते हैं। ऐसे में राज्य के शहरों की दशा में सुधार की उम्मीद केंद्रीय बजट ने जगाई है। केंद्र सरकार के बजट में शहरी अवसंरचना विकास कोष (यूआइडीएफ) की स्थापना की गई है। साथ ही शहरों को भविष्य के स्थायी शहर बनाने की योजना पर भी काम करने की घोषणा की गई है। यदि राज्य के अधिकारी चाहें और बेहतर योजना तैयार करें तो शहरों की दशा में सुधार के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। तभी केंद्र सरकार शहरों की बेहतरी के लिए समुचित बजट जारी करेगी। धरातलीय बात करें तो राजधानी देहरादून समेत, ऋषिकेश, हरिद्वार, कोटद्वार, रुड़की, जसपुर, काशीपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी जैसे शहर आबादी के दबाव में हांफने लगे हैं। कूड़ा प्रबंधन, ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण आदि यहां के लिए चुनौती बन चुके हैं। शहरों को बेहतर बनाने के लिए वर्तमान में यहां जिन योजनाओं पर काम हो भी रहा है, वह नाकाफी दिख रही हैं। ऐसे में राज्य के पास यह अच्छा अवसर है। क्योंकि, शहरी अवसंरचना विकास कोष के माध्यम से अपने शहरों को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा सकते हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश में 15 नए शहर बसाने की घोषणा की है। ताकि, आबादी के दबाव को विकेंद्रीकृत करते हुए पुराने शहरों को सांस लेने योग्य बनाया जा सके। इस लिहाज से भी केंद्रीय बजट राज्य सरकार की उम्मीद बढ़ाता दिख रहा है। केंद्र सरकार के बजट में भविष्य के लिए स्थायी शहर

**केंद्र सरकार के बजट में भविष्य के लिए स्थायी शहर बसाने और संवारने की दिशा में अच्छी पहल की गई है। तय किया गया है कि शहरों को बेहतर बनाने का काम राज्यों के माध्यम से कराने के साथ ही सीधे केंद्र से भी किया जा सकता है।**

बसाने और संवारने की दिशा में अच्छी पहल की गई है। बजट में तय किया गया है कि शहरों को बेहतर बनाने का काम राज्यों सरकारों के माध्यम से कराने के साथ ही सीधे केंद्र स्तर से भी शहरों का चयन किया जा सकता है। केंद्र सरकार के बजट में शहरों में संसाधनों के विकास के लिए नई पहल की गई है। शहरी अवसंरचना विकास कोष शहरों के विकास के प्रति समर्पित होता दिख रहा है। राज्य के शहरों की चुनौतियां बढ़ रही हैं। ऐसे में अधिकारियों को बेहतर योजनाएं बनाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। मसलन कूड़ा प्रबंधन, यातायात सुधार, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुविधाओं के विकास की दिशा में नई योजनाएं प्रस्तावित की जा सकती हैं। राज्य सरकार ने प्रदेश में 15 नए शहर बसाने की घोषणा की है। ताकि, आबादी के दबाव को विकेंद्रीकृत करते हुए पुराने शहरों को सांस लेने योग्य बनाया जा सके। इस लिहाज से भी केंद्रीय बजट राज्य सरकार की उम्मीद बढ़ाता दिख रहा है। केंद्र सरकार के बजट में भविष्य के लिए स्थायी शहर बसाने और संवारने की दिशा में अच्छी पहल की गई है। बजट में तय किया गया है कि शहरों को बेहतर बनाने का काम राज्यों सरकारों के माध्यम से कराने के साथ ही सीधे केंद्र स्तर से भी शहरों का चयन किया जा सकता है।

## दत्तात्रेय होसबले ने कहा- आरएसएस को समझने के लिए दिमाग नहीं, दिल चाहिए; मत और संप्रदाय को एक मानता है संघ

**जयपुर (एजेंसी)**



राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस ) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संघ को समझने के लिए दिमाग नहीं दिल चाहिए, केवल दिमाग से काम नहीं चलेगा, क्योंकि दिल और दिमाग बनाना ही आरएसएस का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह हिंदू राष्ट्र है, क्योंकि इस देश को बनाने वाले भी हिंदू है। विभिन्न लेखकों की पुस्तकों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को पितृ भूमि मानने वाले हिंदू है।

जो स्वंय को हिंदू माने वो हिंदू है। उन्होंने कहा,अस्पश्यता पाप नहीं तो दुनिया में कुछ भी पाप नहीं है। आरएसएस ने अस्पश्यता को खत्म करने में भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि साम्यवाद से लेकर समाजवाद सहित सभी काल में आरएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण रही। आरएसएस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर दिया है। संघ कठोर (रिजिड) नहीं है संघ लचीला (फ्लैक्सीबल) है। भारत के मत और संप्रदाय को एक मानता है। अपने मत संप्रदाय की चीजों को बरकरार रखते हुए लोग संघ कार्य कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थापना में संघ की भूमिका रही है। राइट विंग ही नहीं लेफ्ट विंग भी नहीं,संघ सिर्फ राष्ट्रहित का काम करने वाला है। हम राष्ट्रवादी हैं। नेशनलिस्ट हैं।

आज राष्ट्र जीवन के केंद्र बिंदू पर संघ है। संघ व्यक्ति निर्माण और समाज निर्माण का कार्य करता रहेगा। होसबोले ने कहा, संघ के एक लाख सेवा कार्य चलते हैं। संघजनरेटर की तरह काम करता है। संघ एक जीवनपद्धति है। संघ एक कार्यपद्धति और जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के सतत विकास के आविष्कार का नाम संघ है। प्रतिवर्ष एक लाख युवा प्राथमिक शिक्षा वर्ग में संघ को जानने के लिए आते है। उन्होंने कहा कि संविधान अच्छा है और चलाने वाले खराब हैं तो संविधान भी कुछ नहीं कर सकता है। अगली पीढ़ी सामाजिक कलंक आगे लेकर नहीं जाए ये ध्यान रहे। पर्यावरण,जल,जंगल और जमीन की रक्षा करना भारत की अस्मिता और अस्तित्व के लिए समाज को सक्रिय रखना पड़ेगा। वसुदैव कुटंबकम केवल नारे लगाने के लिए नहीं है। उसकी प्रयोग भूमि भारत है। महर्षि अरविंद ने कहा था कि जो अध्याय पश्चिम से शुरू हुआ था वह पूर्व में समाप्त होगा। होसबोले बुधवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में संघ कल,आज और कल विषय पर व्याख्यान कार्यक्रममें बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संघ ने हर दर्द को सहा और कहा,एंजाय दा पेन। होसबोले ने कहा,संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक के जीवन में परिवर्तन हुआ है। गुरू गोलवरकर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 33 वर्ष गुरूजी ने कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों के परिश्रम से संघ दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है।

संघ से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के संगठन प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पहले 600 से अधिक जनजातियां कहती थी कि हम अलग हैं। भारत विरोधी ताकतों ने उन्हे उकसाने का काम किया ।गोलवरकर ने कहा कि वह हिंदू है।उनके लिए दरवाजे बंद नहीं है। वह घर आ सकते हैं। उन्हे घर वापसी हम करवा सकते हैं। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे,पूर्व राज्यसभा सांसद महेश शर्मा सहित कई नेता मौजूद थे।

## नक्सलियों के निशाने पर सुरक्षाबल, चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट में तीन जवान घायल

**चाईबासा (एजेंसी)**

पश्चिमी सिंहभूम जिले में आईईडी ब्लास्ट में तीन जवान घायल हो गये हैं। तीनों को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा जा रहा है। चाईबासा जिले में एक बार फिर नक्सलियों के द्वारा लगाया गया आईईडी ब्लास्ट हुआ है। इस ब्लास्ट में नक्सल अभियान में लगे तीन जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। इसमें सीआरपीएफ 60 बटालियन के 3 जवान घायल हुए हैं, जिनकी पहचान हेड कांस्टेबल आरओ राकेश पाठक, सिपाही बी डी अनल और सिपाही पंकज यादव के रूप में हुई है। गौरतलब है कि नक्सलियों का गढ़ बन चुका कोल्हान के टोंटो थाना क्षेत्र के जंबाईबुरु और तुम्बाहासा जंगल क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के शीर्ष बड़े नेताओं की घेराबंदी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के साथ विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कोल्हान क्षेत्र में मौजूद हैं। इनके इलाके में सुरक्षाबलों के प्रवेश करने से नक्सली एक तरफ से



बौखला गए हैं और सुरक्षाबलों को लगातार अपने निशाने पर लिया जा रहा है। ये किसी न किसी तरह से सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में जुटे हुए हैं, लेकिन इन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है। हालांकि, आज सुबह ग्यारह बजे के करीब गोइलकेरा थानान्तर्गत ग्राम मेरालगढ़ा एवं हाथीबुरू जंगल के आसपास में सुरक्षाबलों को लक्षित करने के मकसद से आइडी ब्लास्ट कराया गया, जिसमें तीन जवान घायल हुए हैं। मालूम हो कि अभी कुछ दिनों पहले ही सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के द्वारा लगाये गये 10 आईईडी बम सहित 3 नक्सली समर्थकों की गिरफ्तारी की है।


## SHRI NIWAS LEASING AND FINANCE LIMITED

**CIN: L65993DL1984PLC019141**
**Reg Off: 47/18, Rajendra Place Metro Station New Delhi-110060**
**Email Id : shriniwas.limited@gmail.com, Website:www.shriniwasleasingfinance.in,**
**Ph: +91-9891709895**

**NOTICE OF EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING & E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting of the company will be held on Tuesday 28th February, 2023 at 04:15 M.P. through Video Conferencing (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the business, as set out in the Notice of EGM. The Notice of EGM is available and can be downloaded from Company's Website www.shriniwasleasingfinance.in & BSE www.bseindia.com
In compliance with section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rule, 2014 as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the Members are provided with the facility to cast their votes on a resolution set for in the notice of EGM using electronic voting system (e-voting) provided by NSDL. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity share held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on 21st February 2023 ('cut-off date').
The remote e-voting commences on 25th February 2023 at 09:00 am IST and ends on 27th February, 2023. During the period Member may cast their votes electronically. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Those Member who shall be present in the EGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on the Resolution through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote during the EGM.
The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend/participate in the EGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes again.
Any people who acquires share in the Company and becomes a Member of the Company after the Notice has been sent electronically and hold share as of cut off dates: may obtain the login ID and password by sending a request to evoting@nsdl.co.in. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting than he/she can use her/his existing User Id & Password for casting the votes.
If you have not registered your email address with the company/ depository you may please follow below
instruction for obtaining login details for e-voting :

| | |
|---|---|
| Physical Holding | Please provide Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share Certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email toshriniwas.limited@gmail.com |
| Demat Holding | Please provide DPID-CLID (16 digit DPID + CLID or 16 digit beneficiary ID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) to shriniwas.limited@gmail.com |

Members who have not registered their email addresses with the company may register the same by provide Folio No., Name of shareholder, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to shriniwas.limited@gmail.com & mukesh@bigshareonline.com
For details relating to remote e-voting, please refer to the Notice of the EGM. If you have any queries relating to remote e-voting please refer to Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the downloads section of www.evoting.nsdl.com or contact at toll free no. 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to evoting@nsdl.co.in
The details of EGM are available on the website of the company at shriniwas.limited@gmail.com, BSE at www.bseindia.com

**For Shri Niwas Leasing and Finance Limited**
**Rajni Tanwar**
**Managing Director**
**Din: 08201251**

**Place : New Delhi**
**Date : 02nd February, 2023**



## SUNSHINE CAPITAL LIMITED

**CIN: L65993DL1994PLC060154**
**Reg Off : 209 Bhanot Plaza II 3 D B Gupta Road New Delhi-110055**
**Corporate Off :16/121-122, Jain Bhawan, First Floor Faiz Road,**
**W.E.A Karol Bagh New Delhi -110005 Email**
**Id:sunshinecapital95@gmail.com,Website:www.sunshinecapital.in,**
**Ph: +91-9891709895, Tel: 011-23582393**

**NOTICE OF EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING & E-VOTING INFORMATION**

NOTICE is hereby given that the Extra-Ordinary General Meeting of the company will be held on Tuesday 28th February, 2023 at 02:15 P.M. through Video Conferencing (VC)/ Other Audio-Visual Means (OAVM) to transact the business, as set out in the Notice of EGM. The Notice of EGM is available and can be downloaded from Company's Website www.sunshinecapital.in & BSE www.bseindia.com
In compliance with section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rule, 2014 as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015 the Members are provided with the facility to cast their votes on a resolution set for in the notice of EGM using electronic voting system (e-voting) provided by NSDL. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity share held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on 21st February, 2023 ('cut-off date').
The remote e-voting commences on 25th February, 2023 at 09:00 am IST and ends on 27th February, 2023. During the period Member may cast their votes electronically. The remote e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Those Member who shall be present in the EGM through VC/OAVM facility and had not cast their votes on the Resolution through remote e-voting and are otherwise not barred from doing so, shall be eligible to vote during the EGM.
The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend/participate in the EGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their votes again.
Any person who acquires share in the Company and becomes a Member of the Company after the Notice has been sent electronically and hold share as of cut off dates: may obtain the login ID and password by sending a request to evoting@nsdl.co.in. However, if he/she is already registered with NSDL for remote e-voting than he/she can use her/his existing User Id & Password for casting the votes.
If you have not registered your email address with the company/ depository you may please follow below
instruction for obtaining login details for e-voting :

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Please provide Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share Certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email tosunshinecapital95@gmail.com |
| **Demat Holding** | Please provide DPID-CLID (16-digit DPID + CLID or 16-digit beneficiary ID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) to sunshinecapital95@gmail.com |

Members who have not registered their email addresses with the company may register the same by provide Folio No., Name of shareholder, PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email to sunshinecapital95@gmail.com & parveen@skylinerta.com
For details relating to remote e-voting, please refer to the Notice of the EGM. If you have any queries relating to remote e-voting please refer to Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the downloads section of www.evoting.nsdl.com or contact at toll free no. 1800 1020 990 and 1800 22 44 30 or send a request to evoting@nsdl.co.in
The details of EGM are available on the website of the company at sunshinecapital95@gmail.com, BSE at www.bseindia.com

**For Sunshine Capital Limited**
**Surendra Kumar Jain**
**(Managing Director)**
**DIN: 00530035**

**Place : New Delhi**
**Date : 02nd February, 2023**

## ब्रिटेन की भीषण त्रासदी के 34 साल बाद पुलिस ने माफी मांगी

(एजेंसी)।



ब्रिटेन के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने माना कि पुलिस की विफलता 1989 की हिल्सबोरो दुर्घटना का मुख्य कारण थी, जब लिवरपूल एफसी के 97 प्रशंसक मारे गए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एक ऐतिहासिक संयुक्त बयान में कॉलेज ऑफ पुलिसिंग और नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल (एनपीसीसी) के नेताओं ने हिल्सबोरो के परिवारों से माफी मांगी।हिल्सबोरो परिवार रिपोर्ट की प्रस्तावना में, मुख्य कांस्टेबल एंडी मार्श, पुलिसिंग कॉलेज के सीईओ और एनपीसीसी के अध्यक्ष मार्टिन हेविट ने कहा, 97 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को गैरकानूनी रूप से मार दिया गया था। पुलिस की विफलता इस त्रासदी का मुख्य कारण थी और पुलिस की विफलता तब से परिवार के सदस्यों के जीवन को कलंकित करती रही है।1989 में लिवरपूल और नॉटिंघम फॉरेस्ट के बीच एफए कप सेमीफाइनल में 97 दर्शक मारे गए और लगभग 800 घायल हो गए। शेफील्ड के हिल्सबोरो स्टेडियम में खेल कुछ ही मिनटों के बाद रद्द कर दिया गया। त्रासदी के बाद से, लिवरपूल एफसी द्वारा समर्थित प्रशंसकों ने न्याय के लिए संघर्ष किया है।मार्श ने कहा, पुलिस की गैर जवाबदेही के चलते ऐसा हुआ। पुलिस की विफलता त्रासदी का मुख्य कारण थी और तब से परिवार के सदस्यों के जीवन को कलंकित करती रही है।जब नेतृत्व की सबसे अधिक आवश्यकता थी, तो शोक संतप्त लोगों के साथ अक्सर असंवेदनशील व्यवहार किया जाता था और प्रतिक्रिया में समन्वय और निरीक्षण की कमी होती थी।

मैं भी मीराबाई बनना चाहती हूँ...

## कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद पहले खेलो इंडिया के लिए तैयार हैं महाराष्ट्र की 14 साल की वेटलिफ्टर आकांक्षा

इन्दौर ।

आकांक्षा व्यवहारे की उम्र सिर्फ 14 साल है लेकिन उनके हौसले बहुत बड़े हैं। अपने वेट कैटेगरी में कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद टॉप डेवलपमेंट लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकीं आकांक्षा पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खेलने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकीं आकांक्षा इस प्लेटफार्म का पहली बार उपयोग करने को लेकर काफी उत्साहित और रोमांचित हैं।

भारत की ओलंपिक पदकधारी वेटलिफ्टर मीराबाई चानू की राह पर चलने की इच्छा रखने वाली मनमाड़ में अभ्यास करती हैं। आकांक्षा अपने देश के लिए पदक जीतना चाहती हैं। आकांक्षा ने कहा- मैं मीराबाई चानू की तरह बनना चाहती हूं। इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है। उन्होंने कई सारे त्याग किए हैं और इसी कारण वह आज इस मुकाम पर हैं। खेलो इंडिया के लिए साई रिजनल सेंटर औरंगाबाद में प्रैक्टिस कर रहीं आकांक्षा ने बताया कि अपनी प्रेरणास्त्रोत मीराबाई से वह एक बार मिली हैं और उन्हें काफी अच्छा लगा था। आकांक्षा ने कहा- इंटरनेशनल के लिए जाते वक्त मेरी एक बार उनसे मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा था कि तुम अच्छा कर रही है। इसी तरह मेहनत करती रहो। सिर्फ और सिर्फ अपने खेल पर ध्यान लगाओ। आकांक्षा ने छोटी सी उमर में ढेर सारी सफलता हासिल की है। मार्च 2022 में आकांक्षा ने ओडिशा नेशनल्स में हिस्सा लिया था और इसमें उन्होंने 40 किग्रा कैटेगरी में 6 नेशनल रिकॉर्ड बनाए थे और गोल्ड जीता था। फिर अगस्त 2022 में आकांक्षा ने पटियाला में आयोजित नेशनल्स में हिस्सा लिया था। उसमें 40 किग्रा कैटेगरी में उन्हें गोल्ड मिला था। 2022 में ही आकांक्षा ने मेक्सिको में आयोजित इंटरनेशनल इवेंट में ओवरआल सिल्वर जीता था। स्नैच में मेरा गोल्ड था। वहां मैंने स्नैच में नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। फिर मैंने एशियन यूथ एंड जूनियर चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता था। उस समय मैंने क्लीन एंड जर्क में 70 किग्रा का नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। मौजूदा समय में स्नैच



में 60 किग्रा का तथा क्लीन एंड जर्क में 71 किग्रा का नेशनल रिकॉर्ड है जो मैंने मोदीनगर में आयोजित खेलो इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप में बनाया था। साथ ही 40 किग्रा कैटेगरी में 131 किग्रा का नेशनल रिकॉर्ड है। बीते साल टाप्स में आने वाली आकांक्षा मानती हैं कि इस सूची में आने के बाद उनकी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं।

संक्षिप्त समाचार



## आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार शीर्ष पर बरकरार

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 रैंकिंग में भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन से सूर्यकुमार के कुल मिलाकर 910 अंक है और बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में वह नंबर एक पर पहुंच गये हैं। वर्तमान रेटिंग अंक का अर्थ है कि सूर्यकुमार पुरुषों के टी20आई बल्लेबाजों के लिए सर्वकालिक उच्चतम रेटिंग रखने की दौड़ में इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मालन के करीब होंगे। मालन ने साल 2020 में केप टाउन में 915 अंकों की रेटिंग हासिल की वहीं सूर्यकुमार अब टी20आई बल्लेबाजों के लिए अब तक की दूसरी सबसे बड़ी रेटिंग रखते हैं। सूर्या के साथी वाशिंगटन सुंदर को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है और वह अब 104वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड के फिन एलन आठ स्थान ऊपर आकर 19वें स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि डेरिल मिशेल 9 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गये हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल छह स्थान ऊपर आकर 34वें और कुलदीप यादव 54 स्थान के लाभ के साथ ही 81वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शीर्ष दस में न्यूजीलैंड के एक स्पिनर मिचेल सेंटनर शामिल हैं।

## ख्वाजा के बिना ही भारत पहुंची ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम



**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के साथ नौ फरवरी से होने वाली चार मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम भारत पहुंच गयी है पर वीजा नहीं मिलने के कारण बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा नहीं आये हैं। टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को देखते हुए यह सीरीज दोनो ही टीमों के लिए अहम है। ऐसे में उनका लक्ष्य जीत दर्ज करना रहेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ बल्लेबाज ख्वाजा नहीं आये हैं क्योंकि उनको वीजा नहीं मिला। ख्वाजा ने उड़ान नहीं पकड़ पाने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने कहा कि ख्वाजा का वीजा क्लियर नहीं हुआ था इसलिए वह भारत नहीं जा पाये हैहै। वह अब भारत दौरे के लिए गुरुवार को उड़ान भरेंगे। इससे साफ है कि यह बल्लेबाज गुरुवार को होने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम के अभ्यास सत्र में नहीं खेल पायेगा। पाकिस्तानी मूल के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का जन्म इस्लामाबाद में हुआ है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से अभी तक 56 टेस्ट और 40 एकदिवसीय खेले हैं। ख्वाजा ने टेस्ट मैचों में 4 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट में इस बल्लेबाज के नाम 13 शतक हैं। वहीं एकदिवसीय में उन्होंने पंद्रह सौ से अधिक रन बनाये हैं।

# विश्व शतरंज रैंकिंग: रूस को पीछे छोड़ दूसरे स्थान पर पहुंचा भारत



नई दिल्ली

विश्व शतरंज संघ द्वारा 1 फरबरी को जारी ताजा विश्व शतरंज रैंकिंग में टीम रैंकिंग में महिला वर्ग में भारत नें 1 अंक से रूस को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है । शतरंज इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत नें रूस को पीछे छोड़ा है । टीम रैंकिंग देश के 10 शीर्ष खिलाड़ियों की औसत रेटिंग के आधार पर तय होती है । 2470 अंको के साथ चीन पहले तो भारत 2413 दूसरे और रूस 2412 के साथ तीसरे स्थान पर है । पुरुष वर्ग की टीम रैंकिंग में यूएसए की टीम 2728 अंको के साथ पहले, रूस 2702 अंको के साथ दूसरे तो भारत अब 2690 अंको के साथ तीसरे नंबर की टीम बनी हुई है । पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत रैंकिंग में विश्व शतरंज चैम्पियन मेगनस कार्लसन 2852 अंको के साथ पहले स्थान पर बने हुए है ,जुलाई 2011 के बाद से कार्लसन लगातार 11 साल 7 माह से विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी बने हुए है । भारत के विश्वनाथन आनंद नें टॉप 10 में अपना स्थान बनाए रखा है ,52 वर्षीय आनंद 2754 अंको के साथ नौवे स्थान पर है अन्य भारतीय खिलाड़ियों में विदित गुजराती (2730)19वे ,डी गुकेश(2718) 29वे,पेंटाला हरीकृष्णा (2705) 36वे ,अर्जुन एरिगासी (2701) 38वे और प्रज्ञानन्दा ( 2690) 46वे स्थान पर है । महिला व्यक्तिगत विश्व रैंकिंग में चीन की हाउ ईफ़ान 2638 अंको के साथ पहले ,रूस की अलेकसान्द्रा गोरयाचकिना 2576 अंको के साथ दूसरे तो भारत की कोनेरु हम्पी 2572 अंको के साथ तीसरे स्थान पर है । भारत की हरिका द्रोणावल्ली 2507 अंको के साथ 12वे तो आर वैशाली 2433 अंको के साथ 31वे स्थान पर है ।

## करेन को जश्न मनाना भारी पड़ा आईसीसी ने जुर्माना लगाया

**दुबई ।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन पर जुर्माना लगाया है। करेन पर यह जुर्माना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में विकेट मिलने के बाद जश्न मनाने के कारण लगाया है। आईसीसी ने करेन को फटकार लगाने के साथ ही मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही उन्हें एक नकारात्मक अंक भी दिया। करेन पर जुर्माना इसलिए लगाया गया है क्योंकि वह दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा को आउट करने के बाद अतिउत्साह में पिच पर उनके बेहद करीब पहुंच गए थे। आईसीसी ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन माना है। आईसीसी नियम के अनुसार मैच के दौरान अभद्र भाषा या आक्रामक संकेतों का उपयोग प्रतिबंधित है इस प्रकार का संकेत किसी बल्लेबाज के आउट होने पर करने से वह आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए भड़क सकता है। जिस मैच में यह घटना हुई वह दक्षिण अफ्रीका के ब्लोएमफोंटेन में खेला जा रहा था। इसमें दक्षिण अफ्रीकी पारी के 28वें ओवर में बावुमा शतक लगाकर आउट हुए। बावुमा को आउट करने के बाद करेन जश्न मनाते हुए उनके बेहद करीब पहुंच गए। बाद में करेन ने मैच रेफरी के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली। इस मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम जीती थी।


## बजट में खेलों का भी रखा गया ध्यान

नई दिल्ली ।

केन्द्रीय बजट में खेल मंत्रालय का भी पूरा ध्यान रखा गया है। इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक को देखते हुए 700 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान रखा गया है। बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है यह पिछले साल के मुकाबले 723.97 करोड़ रुपये अधिक है। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) के संशोधित बजट से अधिक है। उस समय खेल मंत्रालय को 2673.35 करोड़ रुपये मिले थे। पिछले साल हालांकि वास्तविक आवंटन 3062.60 करोड़ रुपये था। देश में प्रतिभाओं को सामने लाने वाले खेल मंत्रालय के मुख्य कार्यक्रम 'खेलो इंडिया' के लिए भी राशि बढ़ायी गयी है। इसे 1045 करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं जबकि पिछले वित्त वर्ष के दौरान 606 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे। इस प्रकार आवंटन में 439 करोड़ रुपये बढ़ाये गये हैं। वहीं भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के लिए इस बजट आवंटन में 36.09 करोड़ रुपये बढ़ाये गये हैं। पिछले वर्ष के संशोधित व्यय 749.43 करोड़ रुपये के मुकाबले साल 2023-24 के लिए उनका आवंटन 785.52 करोड़ रुपये है। खिलाड़ियों के खेल विज्ञान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान देने के लिए इस साल के बजट में राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र के लिए भी 13 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को पिछले वर्ष के संशोधित बजट 280 करोड़ रुपये के मुकाबले 45 करोड़ रुपये अधिक मिलने के साथ ही अब कुल 325 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से संबद्ध राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय




डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीएलटी) को अब सीधे ही राशि मिलेगी। बजट में नाडा को 21.73 करोड़ रुपये की धनराशि मुहैया करायी गयी है जबकि डोप परीक्षण कराने वाले एनडीटीएल को 19.50 करोड़ रुपये दिये जाएंगे।



## बबीता फोगाट कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष की जांच के लिए गठित समिति में शामिल

**नई दिल्ली ।** महिला पहलवान बबीता फोगाट को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ विभिन्न आरोपों की जांच के लिए गठित समिति में शामिल किया है। बबीता इस समिति की अध्यक्ष एम सी मेरीकोम का सहयोग करेंगी। खेल मंत्रालय द्वारा गठित यह समिति डब्ल्यूएफआई और उसके अध्यक्ष के खिलाफ लगे यौन उत्पीडन् के अलावा धमकी देने और वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच कर रही है। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर ये आरोप विनेश फोगाट सहित कई पहलवानों ने लगाये हैं। खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बबीता फोगाट को खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति में शामिल किया गया है यह समिति फिलहाल महासंघ का दिन प्रतिदिन का कामकाज भी देखेगी। इस समिति में महान मुक्केबाज मेरीकोम पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे पूर्व साइ अधिकारी राधिका श्रीमन और टारगेट ओलिम्पिक पोडियम योजना के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन भी शामिल किये गये हैं। पहलवानों की मांग पर कुश्ती महासंघ पर लगे आरोपों की जांच के लिए खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने इस समिति का गठन किया था पर पहलवान संतुष्ट नहीं थे। किये जाने के बाद पहलवानों ने जंतर मंतर पर 3 दिन से चल रहा अपना धरना खत्म किया था। बाद में हालांकि पहलवानों ने कहा था कि समिति का गठन करने से पहले उनसे सलाह नहीं ली गई थी।

# पर्याप्त सबूत नहीं होने के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव को नहीं करना पड़ेगा अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना

(एजेंसी)

वर्ष 2020 यूएस ओपन चैंपियन और जर्मन टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव को उनकी पूर्व प्रेमिका द्वारा लगाए गए घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों में किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं।ज्वेरेव की पूर्व प्रेमिका ओलेआ शारिपोवा द्वारा घरेलू शोषण के आरोपों के बाद अक्टूबर 2021 में एटीपी द्वारा जांच शुरू की गई थी। यह जांच द लेक फॉरेस्ट ग्रुप (एलएफजी) द्वारा की गई थी, जिसका नेतृत्व संस्थापक और मुख्य कार्यकारी जी माइकल वर्डेन और जेनिफर मैकोवजक ने किया था। जांच ने शारिपोवा और ज्वेरेव दोनों के ऑडियो और तस्वीरों सहित सबमिशन की समीक्षा की। इसमें तीसरे पक्ष के फोरेंसिक विशेषज्ञ के माध्यम से ज्वेरेव के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकाली गई सामग्री शामिल थी। एलएफजी ने सोशल मीडिया सहित तीसरे पक्ष के गवाहों और सार्वजनिक रिकॉर्ड द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की भी समीक्षा की और अपनी पूरी रिपोर्ट एटीपी को सौंपी। एटीपी ने मंगलवार को अपने ब्यान में कहा, शारिपोवा, ज्वेरेव और अन्य साक्षात्कारकर्ताओं के बयानों के अलावा, विश्वसनीय साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शी रिपोर्टें की कमी के आधार पर, जांच दुरुपयोग के आरोपों को साबित करने में असमर्थ थी या एटीपी के ऑन-साइट अपराधों या खिलाड़ी के बड़े अपराधों के नियमों का उल्लंघन निर्धारित करने में असमर्थ थी।



## अय्यर की जगह सूर्यकुमार या शुभमन को मिला सकता है अवसर

मुम्बई ।

बल्लेबाज श्रेयय अय्यर फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गये हैं। ऐसे में उनकी जगह पर मध्यक्रम में टीम प्रबंधन आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल में से किसी एक को अवसर दे सकता है। अय्यर पीठ में खिंचाव से अभी तक नहीं उबरे हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। माना जा रहा है कि वह अगले कुछ समय तक नहीं खेल पायेंगे। सूर्यकुमार ने अबतक टी20 में शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। वहीं शुभमन ने एकदिवसीय क्रिकेट में दमदार पारियां खेली हैं। अय्यर ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान भी शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में उनकी जगह पर शामिल होने वाले बल्लेबाज से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा और उप कप्तान लोकेश राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इनके बाद तीसरे नंबर पर चेतेश्वर पुजारा और चौथे नंबर पर विराट कोहली खेलेंगे। शुभनन के मामले में टेस्ट क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने और लाल गेंद का करियर मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरू करने के कारण उनका पलड़ा भारी रहेगा। वहीं स्पिन की अनुकूल पिचों पर स्पिनरों के खिलाफ सूर्यकुमार के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें भी अवसर मिल सकता है। सूर्यकुमार की दावेदारी इसलिए पक्की है क्योंकि वह नाथन लियोन की स्पिन के खिलाफ प्रभावी रहेंगे। दूसरी और शुभमन तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

## टेस्ट क्रिकेट के बिना सफल करियर नहीं बना सकते : वार्नर

**सिडनी ।** हाल के दिनों में जिस प्रकार टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ी है। उससे टेस्ट क्रिकेट के साथ ही एकदिवसीय मैचों के प्रति भी लोगों का रुझान घट है। ऐसे में युवा क्रिकेटर सीमित ओवरों के क्रिकेट की ओर जा रहे हैं जिससे दिग्गजों को लाल गेंद के क्रिकेट के भविष्य पर संकट नजर आ रहा है। अब यही आशंका ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने भी जतायी है। वार्नर के अनुसार उन्हें टेस्ट क्रिकेट का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है क्योंकि युवा क्रिकेटर खेल के सबसे लंबे प्रारूप पर सफेद गेंद वाले क्रिकेट को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस सलामी बल्लेबाज ने युवाओं से कहा कि क्रिकेटर टेस्ट क्रिकेट खेले बिना एक लंबा और सफल करियर नहीं बना सकता इसलिए उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने पर विचार करना चाहिये। वार्नर ने सिडनी थंडर के अपने एक साथी क्रिकेटर ओलिवर डेविस का उदाहरण देते हुए बताया कि जब प्रारूपों के बीच चयन करने की बात आती है तो आने वाले क्रिकेटर सीमित ओवरों को ही प्राथमिकता देत हैं। वार्नर ने कहा कि उन्होंने बिग बैश लीग में खेलने के दौरान डेविस सहित अपने युवा साथियों को टेस्ट क्रिकेट की अहमियत समझाने का प्रयास किया पर असफल रहा। वार्नर ने कहा कि फ्रेंचाइजी-आधारित टी20 लीग के बढ़ने के साथ ही दुनिया भर के अधिकांश क्रिकेटरों ने लीग से जुड़े मौद्रिक लाभों के कारण छोटे फॉर्मेट को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। वार्नर ने कहा मैं डेविस से बात कर रहा था। उसे सफेद गेंद वाला क्रिकेट खेलना पसंद है इस कारण मैं उसे जल्द लाल गेंद वाला क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकता।अगर वह अपना दिमाग लगाना चाहता है तो वह निश्चित रूप से खेल सकता है। पर मुझे इस बात का थोड़ा डर है कि अगले पांच से 10 वर्षों में क्या होने वाला है। उन्होंने कहामैं आने वाले समय में क्रिकेटरों को लाल-गेंद क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद करूंगा क्योंकि यही वह विरासत है जिसे आपको पीछे छोड़ना चाहिए।

## तेरे प्यार में सॉन्ग आउट। नए ट्रैक में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर प्यार में खोए हुए नज़र आए



रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की तू झूठी मैं मक्कार का ट्रेलर रिलीज़ होने के बाद अब फिल्म का गाना रिलीज हुआ है।

रिलीज होते ही ट्रेलर और सॉन्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। दोनों कपूरों की पहली बार जोड़ी और उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को पसंद आ रही है। अब, निर्माताओं ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित प्रेम गीत तेरे प्यार में रिलीज किया। फिल्म का गाना तेरे प्यार में पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच चुका है। संगीत प्रेमियों ने फिल्मों में रणबीर-अरिजीत-प्रीतम-अमिताभ के संयोजन को पसंद किया है। प्रशंसकों का उत्साह अपने चरम पर था, और उन्होंने मांग की कि गीत को पहले रिलीज़ किया जाए। निर्माताओं ने अनुपालन किया और गीत आखिरकार यहां हैः तू झूठा मैं मक्कार लव रंजन द्वारा निर्देशित है, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और टी-सीरीज़ के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह 8 मार्च, 2023 को होली के दिन दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक उत्सव के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार है। **(एजेंसी)**

## क्यों शमिता शेट्टी ने अब तक नहीं की शादी? बिग बॉस में बयां किया था अपना दर्द



शरारा-शरारा गर्ल यानी शमिता शेट्टी 2 फरवरी को अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। बीते साल शमिता शेट्टी के बर्थडे पार्टी में मनोरंजन जगत के कई सितारे पहुंचे थे।

उससे कुछ दिनों पहले ही शमिता बिग बॉस का हिस्सा थी, इसलिए शो में बने उनके दोस्त भी उस पार्टी में शामिल हुए थे। टीवी और फिल्म एक्टर राकेश बापट भी शमिता के बर्थडे का हिस्सा थे। अब जब उनका जिक्र हो ही गया है तो याद दिला दें कि एक्ट्रेस उस वक्त राकेश बापट को डेट कर रही थीं। जी हां! बिग बॉस ओटीटी में दोनों की लव स्टोरी शुरु हुई थी। इसके बाद शमिता ने बिग बॉस 15 में भी हिस्सा लिया था, वहां भी राकेश कुछ दिन के लिए उनका सपोर्ट बनकर गए थे। दोनों की जोड़ी फैंस को काफी पसंद आ रही थी, सोशल मीडिया पर उनके नाम का हैशटेग भी चला था। हालांकि ये रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाया और दोनों अलग हो गए। एक्टर्स के ब्रेकअप का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। **(एजेंसी)**

## बचपन याद कर शिल्पा शेट्टी ने बहन शमिता को दी जन्मदिन की बधाई



बॉलीवुड एक्ट्रेस शमिता शेट्टी आज यानी 2 फरवरी को अपना 44वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस का जन्म 2 फरवरी 1979 में मंगलूरु में हुआ था। शमिता शेट्टी को फिल्म इंडस्ट्री की मोहब्बतें गर्ल भी कहा जाता है। उन्होंने साल 2001 में इस मोहब्बतें फिल्म से डेब्यू किया था और इस फिल्म से वह रातों-रात स्टार बन गई थी। इस बीच अब एक्ट्रेस को ढेरों जन्मदिन की बधाई मिल रही है। बड़ी बहन शिल्पा ने भी उन्हें बड़े ही प्यार और खास अंदाज में विश किया है। शिल्पा शेट्टी ने देर रात 12 बजे बहन शमिता सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई दी।


इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर लिखा- चॉकलेट का डिब्बा साझा करने से और कपड़े साझा ना करने की चाहते से... एक-दूसरे की बुआ बनने से लेकर एक-दूसरे के बाल नोचने तक... टू अब एक जोड़ी बन रही हैं..आई लव यू टू मून एंड बैक... हैप्पी बर्थडे बर्थडे माई डार्लिंग टुनकी।**(एजेंसी)**



## शाह रुख खान से उर्फी जावेद ने की ऐसी डिमांड, सुनकर बौखला जाएंगे पठान!

### कहा- मैं सिर्फ आपके लिए अवेलेबल...

सुपरस्टार शाह रुख खान की फिल्म पठान 25 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। रिलीज के बाद बॉक्स ऑफिस पर पठान की कमाई की आंधी थमने का नाम ही नहीं ले रही है। इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हर कोई फिल्म में शाह रुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम, के काम की तारीफ कर रहा है। इसी बीच अब उर्फी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। उर्फी बॉक्स ऑफिस पर फिल्म के बढ़ते आंकड़ों के बारे में बात करती दिख रही



हैं, लेकिन इस दौरान उन्होंने शाह रुख खान से एक ऐसी चीज की डिमांड कर दी, जिसे सुनकर पठान का दिमाग घूम सकता है! उर्फी जावेद के एक इंटरव्यू क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इंटरव्यू में उर्फी से जब पूछा गया कि पठान बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कर रही है और अब फिल्म के सीक्वल को लेकर भी बात हो रही है। ये सुनते ही उर्फी ने ऐसी बात कही, जिसे सुनकर आप भी हिल जाएंगे।

उर्फी जावेद ने इसी इंटरव्यू में कहा, शाह रुख खान, सिर्फ आपके लिए मैं ये फिल्म करूंगी! पठान 2 के लिए मैं अवेलेबल हूं..। ये बोलते ही उर्फी हंसने लगती हैं। वहीं, अब शाह रुख ही नहीं बल्कि उनके फैंस भी उर्फी की ये बात सुनकर सदमे में आ सकते हैं। बता दें कि हाल ही में उर्फी ने शाह रुख की दूसरी बीवी बनने को लेकर अपनी इच्छा भी जताई थी। उनके ये वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। **(एजेंसी)**

## शमिता शेट्टी संग अफेयर की खबरों पर आमिर अली ने तोड़ी चुप्पी- शाहरुख सर करें तो ठीक मैं करूं तो...




टीवी एक्टर आमिर अली और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी हाल ही में साथ नजर आए थे। जिसके बाद दोनों के डेटिंग की खबरें आने लगी इस मामले में अब आमिर अली ने चुप्पी तोड़ी है। आमिर अली ने एक वीडियो शेयर करके कहा है कि वो और शमिता दोनों सिंगल हैं और सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। आमिर अली ने ये भी कहा है कि वो किसी को गेट तक छोड़ने आ रहे हैं इसका मतलब ये नहीं है कि वो डेट कर रहे हैं।

आमिर अली ने अपनी बात रखने के लिए शाहरुख खान का जिक्र भी किया है। आमिर अली से पहले शमिता शेट्टी ने भी अफेयर की खबरों पर नाराजगी जताते हुए इसे अफवाह बताया था। आमिर अली वीडियो में कहते हैं, ÷मेरी मां हमेशा कहती है जेंटलमैन बनो। कोई भी मेरे घर आता है तो मैं उसे गेट तक छोड़ने जाता हूं। मेरी एक दोस्त आई थी और मैं उसे कार तक छोड़ने गया, एक दोस्त होने के नाते। वो बहुत बहुत क्लोज फ्रेंड है, बस। शाहरुख खान सर भी मैंने सुना है जब कोई मेहमान आता है तो दरवाजे तक छोड़ने जाते हैं, इससे पहले शमिता शेट्टी ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि देश में और भी मुद्दे हैं जिनपर लोगों को ध्यान देना चाहिए। शमिता ने कहा कि वो सिंगल हैं और लोगों को अपने काम से काम रखने की नसीहत भी दी। **(एजेंसी)**


## 108 किलो वजन घटाने के बाद दोबारा क्यों बढ़ गया अनंत अंबानी का वजन? नीता अंबानी ने बताई थी बड़ी वजह

बिजनेस टाइकून मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी ने हाल ही में मुंबई के जाने-माने बिजनेसमैन की बेटी राधिका मर्चेंट के साथ सगाई की है। जिसके बाद से उनके बढ़े हुए वजन को लेकर काफी चर्चा हो रही है। दरअसल एक समय ऐसा था जब अनंत अंबानी ने अपना वजन 108 किलो कम किया था, लेकिन दोबारा उन्होंने वेट गेन कर लिया है। पुराने इंटरव्यू में उनकी मां नीता अंबानी ने उनके वजन का कारण बताया था। साल 2016 में अनंत ने पूरे 108 किलो घटाए थे, जिसके बाद उनकी काफी तारीफ होने लगी थी। लेकिन अब जब वह फिर से मोटापे से ग्रस्त हो गए हैं तो लोगों के मन में कई सवाल खड़े हो गए हैं।



पहले भी अनंत का वजन 208 किलो हुआ करता था, जिसे घटाकर उन्होंने 100 किलो कर लिया था। नीता अंबानी ने साल 2018 में बेटे के वजन के बारे में बात करते हुए बताया था कि अनंत को अस्थमा की परेशानी है, जिसके लिए उन्हें दवाएं जैसे स्टेरॉयड का सहारा लेना पड़ता है। इसके कारण उनका वजन तेजी से बढ़ता है। **(एजेंसी)**

## सिद्धार्थ मल्होत्रा दिल्ली पहुंचे,कियारा आडवाणी ने फाइनल किया अपनी शादी का लंहगा, इस दिन दोनों लेंगे अग्नि के साथ फेरे



**सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बहुचर्चित बॉलीवुड जोड़ी कथित तौर पर जल्द ही शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड के लोकप्रिय सितारे इसी साल 6 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। भले ही सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी दोनों ही इन खबरों पर चुप्पी साधे हुए हैं।**



**कहते है प्यार और नफरत** को कितना भी छुपा लो कही न कहीं कुछ ऐसी चीजें हो जाती हैं जो आपके प्यार और नफरत को साबित करने के लिए सबूत होती हैं। पिछले कई दिनों से सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी की खबरें आ रही थी लेकिन इन खबरों को सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब एक बार फिर से दोनों की शादी की खबरें तूल पकड़ रही हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी चुप-चुप कर अपनी शादी की तैयारी में लगे हुए हैं। फिल्म शेरशाह के सेट पर प्रेमी बनें ये दोनों अब अपने रिश्ते को एक पवित्र नाम देने की पूरी तैयारी कर चुके हैं, बस आधिकारिक घोषणा का फैंस को इंतजार हैं।

सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बहुचर्चित बॉलीवुड जोड़ी कथित तौर पर जल्द ही शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड के लोकप्रिय सितारे इसी साल 6 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। भले ही सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी दोनों ही इन खबरों पर चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस जोड़ी ने अपने बड़े दिन की तैयारियों के अंतिम दौर की शुरुआत कर दी है। उम्मीद की जा रही है कि शेरशाह अभिनेता जल्द ही अपनी शादी की आधिकारिक घोषणा करेंगे। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार सिद्धार्थ मल्होत्रा वर्तमान में अपने होमटाउन दिल्ली में अपने परिवार के साथ हैं। ताजा अपडेट से पता चलता है कि हैंडसम स्टार व्यक्तिगत रूप से शादी की तैयारियों के अंतिम दौर को संभाल रहे हैं।

कुछ अपुष्ट रिपोर्टों से यह भी पता चलता है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा अपनी शादी के लिए दिल्ली से अपने माता-पिता और करीबी रिश्तेदारों के साथ राजस्थान के लिए उड़ान भरेंगे। इस पर अधिक अपडेट जल्द ही बाहर होने की उम्मीद है। **(एजेंसी)**

## खुद को कटरीना कैफ के लिए परफेक्ट पति नहीं मानते विक्की कौशल, कहा- जब आप साथ रहना शुरू करते...



**विक्की कौशल और कटरीना कैफ की शादी को एक साल से ज्यादा समय हो चुका है और अब उन्होंने अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। विक्की खुद को परफेक्ट पति नहीं मानते...**

विक्की कौशल ने हाल ही में अपने और कटरीना कैफ के शादीशुदा जीवन को लेकर खुलकर बात की। विक्की ने कहा कि उन्हें लगता है वि वो एक परफेक्ट पति नहीं हैं। कटरीना के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि वह अपनी पत्नी को प्यार करते हैं, और कहा कि प्यार में पड़ा व्यक्ति हमेशा खुद का सबसे अच्छा वर्जन होता है। विक्की ने यह भी कहा कि वह एक पति का सबसे अच्छा वर्जन बनने की कोशिश करते हैं। विक्की और कटरीना कैफ ने राजस्थान में दिसंबर 2021 में एक क्लोज फंक्शन में शादी की। तब से, इस जोड़े को मुंबई में और साथ में कार्यक्रमों में भाग लेते हुए देखा गया है। विक्की और कटरीना ने साथ में अब तक एक भी फिल्म नहीं की है। हालांकि दोनों हाल ही में एक एड में जरूर साथ नजर आए। अब एक इंटरव्यू में विक्की ने कटरीना को लेकर काफी बातें की और बताया कि शादी के बाद पिछले कुछ वक्त में उन्होंने काफी कुछ सीखा है। अपने आदर्श पुरुष वाली छवि के बारे में पूछे जाने पर विक्की ने लाइफस्टाइल एशिया इंडिया से कहा, मैं किसी भी तरह से परफेक्ट नहीं हूं। पति, बेटे, दोस्त या अभिनेता के रूप में भी नहीं। मुझे लगता है कि मैं हर रोज कुछ नया सीखता हूं। कंप्लीट होना एक मृगतृष्णा की तरह है, आप जानते हैं? आपको हमेशा लगता है कि आप वहां पहुंच रहे हैं लेकिन आप वहां कभी नहीं होते। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि मैं एक आदर्श पति हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं किसी भी तरह से परिपूर्ण हूं विक्की ने आगे कहा, लेकिन मैं किसी भी समय पति का सबसे अच्छा संस्करण बनने की कोशिश करती हूं। बेशक, मैं कल से बेहतर हो जाऊंगा लेकिन मैं हमेशा वह बेस्ट करने की कोशिश करता हूं जो मैं कर सकता हूं। उन्होंने आगे कटरीना के साथ अपनी शादी पर कहा, जब आप किसी व्यक्ति के साथ रहना शुरू करते हैं और जब आपके पास एक पार्टनर होता है तो आप बहुत कुछ सीखते हैं। मुझे लगता है कि पिछले एक साल में, मैंने पिछले सालों की तुलना में बहुत कुछ सीखा है। **(एजेंसी)**

## नातिन नाओमिका संग दिखी डिंपल कपाड़िया की खास बॉन्डिंग, सोशल मीडिया पर छाई तस्वीरें

राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया की छोटी बेटी और ट्विंकल खन्ना की बहन रिंकी खन्ना तो आपको याद होगी, जिन्होंने गोविंदा के साथ जिस देश में गंगा रहता है में काम किया था। हालांकि अब एक्ट्रेस ने हमेशा के लिए फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया है, लेकिन एक बार फिर एक्ट्रेस सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की बेटी नाओमिका ने ग्रेजुएशन पूरी कर ली है।

इसकी एक झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। नाओमिका द्वारा शेयर की ग ग्रेजुएशन सेरेमनी की तस्वीरों में पूरा खन्ना परिवार नजर आ रहा है। साथ ही रिंकी खन्ना की भी तस्वीर में नजर आ रही है। पहली फोटो में नानी और नातिन की जोड़ी देखने को मिल रही है। इस तस्वीर में नाओमिका अपनी खूबसूरत नानी डिंपल कपाड़िया के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस मौके पर डिंपल ऑफ-व्हाइट सूट में नजर आ रही हैं। वहीं, उनकी पोती ने लाल पेस्टल सूट वियर किया था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगीं। इस तस्वीर में नाओमिका ने अपनी दादी को पकड़ रखा है। नाओमिका ने इंस्टाग्राम पर इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा,

**डिंपल कपाड़िया की नातिन नाओमिका ने हाल ही में अपनी ग्रेजुएशन पूरी कर ली है। इसकी एक झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। इस दौरान उनकी मम्मी और बॉलीवुड एक्ट्रेस रिंकी खन्ना भी नजर आईं।**

'मेरी तरफ से मेरे पसंदीदा लोगों के साथ ग्रेजुएशन सेरेमनी।' सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों पर फैंस नाओमिका को मासी ट्विंकल खन्ना की हमशक्ल बता रहे हैं। ओमिका की इस तस्वीर पर ट्विंकल खन्ना ने कमेंट कर लिखा- 'लव यू नाओमी।' नाओमिका के इस पोस्ट पर ट्विंकल खन्ना ने अलावा कई यूजर्स और



बॉलीवुड सेलेब्स भी कमेंट कर रहे हैं। नव्या नवेली नंदा ने लिखा बधाई हो। सोनाली बेंद्रे ने कहा, बधाई हो डार्लिंग। श्वेता बच्चन ने लिखा बधाई हो प्यारी लड़की। तो वहीं एक यूजर ने लिखा, तेजस्वी महिलाएं। **(एजेंसी)**